चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 133 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
06 नवंबर 2024 बुधवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page-7

## कनाडा के पीएम की फोटो सड़कों पर चिपकाकर इंदौर में विरोध प्रदर्शन

**इंदौर, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तस्वीर और वहां का झंडा इंदौर की सड़क पर चिपका नजर आया। कनाडा में मंदिरों और भारतीय नागरिकों पर हुए हमले के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए यह किया गया। कांग्रेस नेताओं ने रीगल चौराहे और गांधी प्रतिमा के आसपास सड़क पर पोस्टर चिपकाए थे। जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी, देवेंद्रसिंह यादव ने विरोध दर्ज करवाने का अनोखा तरीका चुना। यह पोस्टर जेब्रा क्रासिंग पर लगाए गए थे, जिससे रेड सिग्नल पर यहां रुकने वाले लोग इसे देख सकें। इसमें कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की तस्वीर के साथ मुर्दाबाद लिखा हुआ था। देशभर के कई शहरों में कनाडा में मंदिरों पर हुए हमलों का विरोध हो रहा है।

## राजकीय सम्मान के साथ शारदा का अंतिम संस्कार



**पटना, एजेंसी।** देश की प्रसिद्ध लोकगायिका और बिहार कोकिला पद्मश्री शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार आज राजकीय सम्मान के साथ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा की है और पटना डीएम को निर्देश दिये कि राजकीय सम्मान के साथ स्व. शारदा सिन्हा के अंतिम संस्कार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को स्व. शारदा सिन्हा के परिवार के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर उनका पार्थिव शरीर वायुयान से पटना भेजने का निर्देश भी दिया। कल एम्स में शारदा सिन्हा का निधन हुआ है।

## सीएम शिंदे ने भाजपा नेताओं की शिकायत हाइकमान से की



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी आलाकमान से पार्टी नेताओं की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि महाराष्ट्र में बीजेपी नेता गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं। बीजेपी नेताओं ने मांग शुरू कर दी है कि शिंदे को राज ठाकरे के बेटे अमित के लिए सीट छोड़नी चाहिए। शिंदे ने पहले ही माहिम सीट पर अपना कैंडिडेट उतार दिया है, जहां से शिंदे के मौजूदा विधायक हैं। माहिम सीट से मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने अपने बेटे अमित ठाकरे को उम्मीदवार बनाया है। नारायण राणे और आशीष शेलार जैसे बीजेपी नेताओं ने कहा था, ÷शिंदे को अपने उम्मीदवार सदा सरवणकर का नाम वापस ले लेना चाहिए और अमित ठाकरे का समर्थन करना चाहिए। जब शिंदे नहीं झुके तो राज ठाकरे ने शिंदे के खिलाफ खुला बयान दिया और खास तौर पर 2022 में पार्टी तोड़ने और बाल ठाकरे का नाम और चुनाव चिन्ह चुराने को लेकर उन पर हमला किया। इसके बाद शिंदे ने तय किया कि यह ठीक नहीं है, इसलिए बीजेपी नेताओं द्वारा शिंदे से अपना उम्मीदवार वापस लेने की मांग के बावजूद वे नहीं माने।



### 131 साल बाद बना नया इतिहास, ट्रंप की चार साल बाद सत्ता वापसी

# आखिरकार अमेरिकियों का ट्रंप कार्ड बने डोनाल्ड

**वाशिंगटन/नई दिल्ली**

अमेरिका के नए राष्ट्रपति बनने के लिए डोनाल्ड ट्रंप काफी करीब पहुंच चुके हैं। राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का रुझान जैसे-जैसे आता जा रहा है, वैसे-वैसे ही ट्रंप की जीत की उम्मीद भी बढ़ती जा रही है। हालांकि, अभी वोटों की गिनती जारी है लेकिन अब तक रुझानों में डोनाल्ड ट्रंप ने 277 इलेक्टोरल कॉलेज पर चौंकाने वाली बढ़त बना रखी है। जबकि कमला हैरिस 226 वोटों पर अटकी रहीं। जीत के लिये 277 इलेक्टोरल कॉलेज की जरूरत होती है। खास यह कि ट्रंप 16 राज्यों में भी शानदार जीत दर्ज कर चुके हैं। हालांकि अमेरिका के 'यूपी' कहे जाने वाले कैलिफोर्निया में कमला हैरिस को जीत मिली है। अमेरिका के इस स्टेट में सबसे ज्यादा यानि भारत के उप्र की ही तरह सबसे ज्यादा सीटे हैं। कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा 54 इलेक्टोरल वोट हैं। कमला की यह जीत फीकी इसलिये है, क्योंकि 7 स्विंग स्टेट में से किसी एक में भी वो आगे नहीं हैं। रुझानों को देखें ट्रंप की स्थिति कमला हैरिस के मुकाबले काफी मजबूत है। रुझानों के बाद यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि क्या कमला का खेल खत्म हो गया है क्योंकि सातों स्विंग स्टेट में ट्रंप आगे हैं। अमेरिका में काउंटिंग के बीच कमला हैरिस ने बड़ा फैसला लेते हुए उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में होने वाले भाषण में न जाने की बात तय की।

**किस राज्य में कौन जीता?:** मोन्टाना, मिसौरी, ओहायो, टेक्सास, नेब्रास्का, नॉर्थ डकोटा, साउथ डकोटा, व्योमिंग में ट्रंप ने जीत हासिल कर ली है. ट्रंप ओहायो में भी जीत गए हैं. यह स्टेट उनके वाइस प्रेसिडेंट उम्मीदवार जेडी वेंस का गृह राज्य भी है. वहीं. इलिनोइस, वॉशिंगटन डीसी, कोलोराडो और न्यूयॉर्क में कमला हैरिस जीत गई हैं.



### ट्रंप ने इस तरह पलटी बाजी

चुनावी सर्वे में लगातार यह दिखाया जा रहा था कि कमला हैरिस नॉर्थ कैरोलिना में ट्रम्प को कड़ी टक्कर देने वाली हैं। डेमोक्रेट्स को उम्मीद थी कि हैरिस क्षेत्र के शिक्षित मतदाताओं के बीच बढ़त हासिल करेंगी, जिससे इस राज्य के 16 इेक्टोरल वोट पर उन्हें जीत हासिल होगी। लेकिन ट्रंप ने यहां से जीत हासिल की है। इसी तरह जॉर्जिया में ट्रंप की जीत से भी अमेरिका के लोग हैरान हैं।

### क्या है अमेरिकी इलेक्टोरल कॉलेज?

इलेक्टोरल कॉलेज दरअसल वह निकाय है, जो राष्ट्रपति को चुनता है। यानि आम जनता राष्ट्रपति चुनाव में ऐसे लोगों को वोट देते हैं जो इलेक्टोरल कॉलेज बनाते हैं और उनका काम देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को चुनना है। पहले वोटिंग उन मतदाताओं के लिए होती है जो राष्ट्रपति को चुनते हैं। ये इलेक्टर्स निर्वाचित होने के बाद दिसंबर महीने में अपने-अपने राज्य में एक जगह इकट्ठा होते हैं और राष्ट्रपति के चुनाव के लिए वोट करते हैं।

### भारत में युवाओं की धड़कन बढ़ेंगी !

अमेरिका में जाकर नौकरी करने वाले भारतीयों के बीच सबसे पॉपुलर वीजा ॥-1बी होता है। इस वीजा के जरिए कंपनियों को विदेशी वर्कर्स को भर्ती करने की इजाजत मिलती है। हर साल सिर्फ 65 हजार ॥-1बी वीजा जारी किए जाते हैं, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा भारतीयों को मिलता है, लेकिन अमेरिका में अब हालात बदल सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में अगर डोनाल्ड ट्रंप को जीत मिलती है, तो वह वीजा को लेकर कड़े नियम बना सकते हैं। अमेरिका में टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो जैसी भारतीय टेक कंपनियां भी मौजूद हैं, जो भारत के लोगों को नौकरी देकर यूएस बुलाती हैं। ट्रंप कंपनियों पर दबाव बनाएंगे कि स्थानीय लोगों को भर्ती किया जाए।

**7 स्विंग स्टेट्स का हाल:** **जॉर्जिया**- ट्रंप जीते, **पेंसिल्वेनिया**- ट्रंप आगे, **नॉर्थ कैरोलिना**- ट्रंप जीते, **मिशिगन**- कमला हैरिस आगे, **विस्कॉन्सिन**- डोनाल्ड ट्रंप आगे, **एरिजोना**- ट्रंप आगे चल रहे हैं, **नेवादा**- ट्रंप आगे

### सुप्रीम फैसला : 7500 किलो तक के ट्रांसपोर्ट वाहन का मामला

# एलएमवी लाइसेंस वाले भी भारी वाहन चलाने के हकदार

**नईदिल्ली.एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों को लेकर आज बड़ा फैसला सुनाया और व्यवस्था दी है कि एलएमवी का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलोग्राम से कम वजन वाले परिवहन वाहन को चलाने के हकदार हैं। यह कानूनी सवाल दुर्घटना मामलों में बीमा कंपनियों की तरफ से मुआवजे के दावों के विवादों का कारण बन रहा था, जिनमें एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस धारकों की तरफ से ट्रांसपोर्ट वाहन चलाए जा रहे थे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ इस पर फैसला सुनाया। बीमा कंपनियों का कहना है कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) और अदालतें उनके आपत्तियों की अनदेखी करते हुए उन्हें बीमा दावे का भुगतान करने के आदेश दे रही हैं। बीमा कंपनियों का कहना है कि अदालतें बीमा विवादों में बीमाधारकों के पक्ष में फैसला ले रही हैं। इससे पहले जस्टिस हृषिकेश रॉय, पी एस नरसिम्हा, पंकज मिथल और मनोज मिश्रा वाली पीठ ने इस मुद्दे पर 21 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रखा था, जब केंद्र के वकील, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम, 1988 में संशोधन पर विचार-विमर्श लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन को संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है, और इसलिए अदालत ने इस मामले को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।



यह सवाल 8 मार्च 2022 को तीन-सदस्यीय पीठ की तरफ से संविधान पीठ को भेजा गया था, जिसमें जस्टिस यूयू ललित (अब सेवानिवृत्त) शामिल थे। यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के 2017 के मुकुंद देवांगन बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मामले से उठा था। मुकुंद देवांगन मामले में, अदालत ने कहा था कि 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले ट्रांसपोर्ट वाहन को एलएमवी की परिभाषा से बाहर नहीं किया गया है। इस फैसले को केंद्र सरकार ने स्वीकार किया और मोटर वाहन अधिनियम के नियमों को इस निर्णय के अनुरूप संशोधित किया गया। 18 जुलाई को संविधान पीठ ने इस कानूनी सवाल पर 76 याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। मुख्य याचिका बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की तरफ से दायर की गई थी।

## रेत पर बिछ गई बर्फ की चादर !



**दुबई।** सऊदी अरब अपने गर्म मौसम और विशाल रेगिस्तानों के लिए जाना जाता है, लेकिन अब वहां मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। दरअसल इस खबर ने सबको हैरान कर दिया है कि सऊदी अरब के एक रेगिस्तान में इतनी बर्फ गिरी कि वह सफेद चादर की तरह नजर आने लगा। अरब के अल-जौफ क्षेत्र में पिछले भारी बारिश और ओलों के साथ बर्फबारी हो रही है। इस बर्फबारी के कारण पहाड़ों पर सफेद बर्फ की चादर बिछ गई है। दावा है इस तरह की बर्फबारी पहले कभी नहीं देखी गई। इस बर्फबारी और भारी बारिश के कारण पूरे इलाके में ठंड का असर बढ़ गया है। अल-जौफ सऊदी अरब का एक प्रमुख प्रांत है, जो देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित है। यह क्षेत्र अपने रेगिस्तानी इलाकों, पहाड़ों और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है।

## डेपसांग में गश्त को लेकर किसी तरह की बाधा नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेना ने बुधवार को स्पष्ट किया कि भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख के डेपसांग में गश्त के बारे में बनी आम सहमति का पालन कर रहे हैं और किसी भी पक्ष की ओर से इसमें बाधा उत्पन्न नहीं की जा रही है। सेना ने एक अंग्रेजी दैनिक में 'डेपसांग में गश्त बहाल करने पर बातचीत बाधित हुई' शीर्षक से प्रकाशित समाचार पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि गत 21 अक्टूबर को बनी सर्वस मति के आधार पर, दोनों पक्षों ने प्रभावी ढंग से सैनिकों को पीछे हटाया है। भारतीय पक्ष ने अपने पारंपरिक गश्त वाले क्षेत्रों में गश्त फिर से शुरू कर दी है। दोनों पक्ष आम सहमति का पालन कर रहे हैं और किसी भी पक्ष द्वारा कोई बाधा उत्पन्न नहीं की गई है।



# क्या दक्षिण की 'उस राह' पर चल पड़ा है मध्यप्रदेश!

### दस हाथियों के भीतर जहर और बाकी पर हत्या का इल्जाम

अर्थात
आशीष दुबे

चार साल पहले केरल के पलक्कड़ जिले के मल्लारकड़ में एक गर्भवती हथिनी तीन दिन तक अपनी सूंड व मुंह को पानी में डालकर वेलियार नदी में जड़वत खड़ी रही। दरअसल उसने रास्ते में पड़ा विस्फोटक भरा अनानास खाया था, जिससे उसका मुंह मांस का लोथड़ा बन गया, वह बदहवास भागी और बिना किसी को नुकसान पहुंचाए नदी में उतर गई, तीन दिन पीड़ा को पीते-पीते उसकी मौत हुई, यह दोहरी हत्या जैसा मामला था। खामोशी से मौत को गले लगाने पर उसे नाम मिला था, सौम्या।

**अब** मप्र के बांधवगढ़ में एक-एक कर दस हाथियों की तड़प-तड़पकर हुई मौतें भी इतनी ही दर्दनाक हैं। मरने वाले हाथियों की पीड़ा इतनी थी कि इन्होंने दर्द में पैर रगड़कर जमीन में गढ्ढे बना दिए,इनमें भी कई हथिनी थीं। यह सब जंगल प्रबंधन से लेकर प्रशासन को कटघरे में खड़ा करता है। लिहाजा तत्काल तर्क यह उछाला गया कि यह हाथी 'जहरीली कोदो-कुटकी' की फसल अधिक मात्रा में खाने से मारे गए। अफसरों की यही दलील अब पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की रिपोर्ट में भी दूसरी तरह से बयां (माइक्रो टॉक्सिन साइक्लोपिया जोनिक) हो रही है, लेकिन मौत की ठोस वजह क्या है, यह पूरी तरह साफ नहीं हो रही। हालांकि इस तरह के मोटे अनाज के संरक्षण व प्रोत्साहन की सरकारी मुहिम चल रही हैं। सवाल यहीं से शुरू होते हैं, यदि हाथियों का इतना बड़ा दल घूम रहा था तो गश्तीदल कहां था? कृषि महकमा क्या कर रहा था? संदेह उठता है कि कही यह मामला शिकार का तो नहीं? ताकि अंगों की तस्करी की जा सके। वैसे तो बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के आसपास के रिसोर्ट संचालकों की भूमिका को भी खंगाला जाना चाहिए। यहां पहले भी एक हाथी के मरने( या मारने!) पर उसे जलाने व अंगों को गाड़ने की घटना सामने आई थी। खास बात यह कि तीन दशक पहले असम व अरुणाचल सीमा पर तैतीस हाथी मरे थे तब भी कमोबेश यही 'जहरीली फसल' वाले तर्क दिये गये थे लेकिन बाद में सरकार व एनटीसीए ने इन्हें नकार दिया था। बहरहाल, जब मप्र के बांधवगढ़ में हाथी मर रहे थे तब सरकार प्रकृति के सम्मान का उत्सव मना रही थी, विडंबना यह रही कि तभी प्रकृति का सबसे बड़ा प्रतीक व जंगलों का महा-माली कहलाने वाले जीव मर रहा था। इस पूरे कांड में सरकारी संवेदनशीलता मिसिंग थी और डैमेज कंट्रोल के प्रयास ज्यादा मुखर थे। महज एक राज्यमंत्री तमाम अफसरों के 'घेरे' में जांच के लिए भेजे गये थे। बाद में इसी हाथी दल के बचे तीन साथियों पर दो ग्रामीणों की 'हत्या' का 'इल्जाम' भी लगा, यद्यपि इस पर भी कई किंतु-परंतु हैं। सरकार ने कहा कि मरने वालों दो ग्रामीणों के परिजनों को मुआवजा दिया गया है, यह राशि बढाई भी गई। लेकिन, उन 'दस मृतकों' को क्या मुआवजा मिला? इनके परिवार क्या आगे भी बचे रहेंगे? मगर किसान अवाक हैं कि उनकी कोदो पर इल्जाम कैसे आ गया। ऐसे कई सवाल तो अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं व हाथी पालक देशों की तरफ से भी उठ रहे हैं और अंदरखानों की मानें तो केंद्र सरकार भी मप्र से इस बारे में लगातार पूछताछ कर रही है। अफसर अब हाथी टास्क फोर्स व रेडियो टैगिंग की बात कर रहे हैं, लेकिन यह किसी कर्मकांड या टोटके जैसे ही हैं। बातें तो छत्तीसगढ़ से मप्र के बीच हाथी कॉरिडोर बनाने की हो रही है, जो पहले ही खदानों के चलते लगभग अवरुद्ध बताया जाता है। अब वक्त आ गया है कि हाथियों को डायनासोर बनने से बचाया जाए तथा टाइगर स्टेट में बाघ व चीता रिजर्व के अलाप के साथ हाथी-रिजर्व की भी बात हो, और जितनी बात हो, उससे ज्यादा काम हो..।



# आरा मशीनें भी मेट्रो के सामने अड़ी, दुकानें भी डटीं

## अफसरों के छूट रहे पसीने शुरुआती लापरवाही पड़ी भारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में मेट्रो लाइन के दूसरे चरण को शुरू करने में कई तरह की समस्याएं आ रही हैं। सबसे बडी और पुरानी समस्या तो आरा मशीनों की है,जो करीब दो साल से बातचीत के स्तर पर ही है और इनके हटने की आज तक कोई सूरत नहीं िनकल सकी है। इसकी अड़चनों को दूर करने में नगर निगम, जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भी कम लापरवाही नहीं बरती जा रही। यही कारण है कि काम में लेटलतीफी हो रही है।लिहाज अब तक न तो 18 दुकानें हटाई गई हैं और न ही 108 आरा मशीनों की शिफ्टिंग का काम शुरू हो सका है। मेट्रो के दूसरे चरण में सुभाष नगर डिपो से करोंद तक कुल आठ किलोमीटर लाइन बिछाई जाना है। यह काम दो हिस्सों में होगा और करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह कई बार इन बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दे चुके हैं। मेट्रो रेल लाइन के दूसरे चरण का काम शुरू करने के लिए आजाद नगर की कुल 108 आरा मशीनों को शिफ्ट किया जाना है। इसके बाद ही बरखेड़ी फाटक से भारत टाकीज तक काम शुरू हो सकेगा। इन्हें शिफ्ट करने के लिए परवलिया सड़क स्थित छोटा रातीबड़ में 18 एकड़ जमीन दी गई है। जहां साढ़े पांच करोड़ रुपये से बिजली, सड़क, पानी सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित किया जाना है। अधिकारियों का कहना है कि डीपीआर और नक्शा तैयार हो गया है। काम के लिए टेंडर निकाले गए हैं, जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

### दुकानों को हटाने की डेडलाइन भी बीती

इसी तरह पुल बोगदा आजाद मार्केट में कुल 18 पक्की दुकानों को तोड़ा जाना है। इनके मालिकों को 29 अक्टूबर तक का समय दिया था लेकिन अब तक यह नहीं हटाई गई है। इसी बीच दीपावली पर एसडीएम की अदला-बदली की वजह से यह काम अटक गया है और मेट्रो के दूसरे चरण का काम भी शुरू नहीं हो पा रहा है।

### कहां बनेंगे स्टेशन और भूमिगत लाइन

शहर के पुल बोगदा, ऐशबाग,सिंधी कालोनी,डीआइजी बंगला,कृषि उपज मंडी, करोंद में मेट्रो स्टेशन बनाया जाना है। तो वहीं सिंधी कालोनी, ऐशबाग क्रासिंग से होती हुई भोपाल स्टेशन और नादरा बस स्टैंड को स्टेशनों के माध्यम से जोड़ती हुई भूमिगत लाइन बिछाई जाएगी। यह शुरू होने के बाद साढ़े तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# जमीन के दाम बढ़ने से पहले जोरदार विरोध हुआ शुरू

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में सर्किल रेट में प्रस्तावित अत्यधिक वृद्धि की तैयारी का जोरदार विरोध शुरू हो गया है। सरकार भोपाल में ही कुछ स्थानों का मूल्य साढे 300 की साड़ी बढ़ाने की दिशा मैं आगे बढ़ चुकी है। इधर आशंका जताई जा रही है कि रियल एस्टेट उद्योग, आम जनता और प्रधानमंत्री के 'हाउसिंग फॉर ऑल' मिशन के लक्ष्यों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पिछले दशक में इंदौर के मुकाबले भोपाल में सर्किल रेट में कई गुना वृद्धि पहले ही हो चुकी है, जिससे संपत्ति बाजार अस्थिर हो गया है। खरीदे संस्था ने कहा है इसका पहले ही परिणाम यह हुआ कि भोपाल में निवेश में कमी आई है और संपत्तियों की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

क्रेटा अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा है कि सर्किल रेट बढ़ाने से प्रापर्टी टेक्स में सीधी वृद्धि होती है जिससे आमजन बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।इसके अतिरिक्त, इस प्रकार की नीतियों का प्रतिकूल प्रभाव राज्य के राजस्व पर भी पड़ सकता है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों के अनुभव से यह साबित हुआ है कि अत्यधिक सर्किल रेट से संपत्ति लेन-देन में कमी आती है, जिससे राजस्व में अपेक्षित वृद्धि नहीं होती। हमारी मांग है कि राज्य सरकार गाइडलाइन रेट प्री-कोविड इयर के स्तर लाए, उपबंधों को तत्काल समाप्त करे तथा अगले तीन वर्षों के लिए सर्किल रेट में कोई वृद्धि न करे और इस अवधि में निवेश, व्यापार, और राजस्व की स्थिति का निष्पक्ष आकलन किया जाए। यह कदम जनहित में होगा राज्य, राजधानी और राजस्व के विकास में योगदान देगा।

### सरकार तक पहुंचा विरोध

सर्किल रेट में अत्यधिक वृद्धि के विरोध में क्रेडाई के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मूल्यांकन बोर्ड के सदस्य और स्थानीय विधायक भगवान दास सबनानी को प्रतिवेदन सौंपकर इस वृद्धि के प्रति अपना कड़ा विरोध जताया। आज क्रेडाई प्रतिनिधि मंडल राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से मिलकर तीन वर्षों की स्थिरता अवधि (स्टेबल लॉक-इन पीरियड) की मांग करेगा, ताकि जनहित और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके।



## सर्किल रेट वृद्धि पर क्रेडाई का भारी विरोध, तीन साल के लॉक-इन की मांग

### यह है प्रस्ताव

गाइडलाइन को लेकर बदले नियमों के बाद अब राजधानी के झागरिया खुर्द, नीलबड़, रापड़िया, कटारा हिल्स जैसे इलाकों में मकान, दुकान या भूखंड लेना महंगा किया जा रहा है। साल में दूसरी बार संपत्ति के कलेक्टर रेट बदलने की तैयारी पूरी हो चुकी है। लिहाजा आम लोगों को अपने बजट की ओर फिर से देखना पड़ सकता है। सरकार इन जैसे करीब 230 स्थानों पर संपत्ति की दर बढ़ा रही है। संपत्तियों की दर में यह वृद्धि पांच प्रतिशत से लेकर 350 प्रतिशत तक होनी है। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में पंजीयन विभाग ने शहर और उससे लगे कुछ ग्रामीण इलाकों के 243 स्थानों पर मूल्य वृद्धि का प्रस्ताव रखा। मगर दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी के विरोध की वजह से 13 स्थानों पर वृद्धि का प्रस्ताव वापस ले लिया गया। वहीं प्रस्तावित वृद्धि में पांच प्रतिशत की कमी करने की बात भी मानी गई। पंजीयन विभाग आज बुधवार को नया प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेज रहा है।

# सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



राजधानी पुलिस की जोन टू में सीएम हेल्प लाइन पर मिलने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में पुलिस उपायुक्त ईस्ट जोन 2 डॉ. संजय अग्रवाल समेत आलाधिकारी मौजूद रहे। जोन टू के, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महावीर सिंह मुजाल्दा, सहायक पुलिस आयुक्त गोविंदपुरा दीपक नायक, सहायक पुलिस आयुक्त मिसरोद डॉ. रजनीश कश्यप, सहायक पुलिस आयुक्त एमपी नगर अक्षय चौधरी के साथ सभी 9 थानों के थाना प्रभारी शामिल हुए। शिविर में सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक स्तर के फरियादी को बुलाया गया। कुछ मामलों में दोनों पक्षों को आमंत्रित कर आमना-सामना कराया गया और सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संपूर्ण समय देकर आवेदकों को सुनकर उनकी शिकायत पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए निराकृत करने का प्रयास किया। कुछ फरियादियों द्वारा तत्काल ही शिकायत बंद कर दी गई और कुछ फरियादी संतुष्ट होकर बंद करने का आश्वासन देकर रवाना हुए। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की अभिनव पहल में कुल 40 शिकायतों का निराकरण हुआ और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर लगाए जाने की योजना है।

# विधायक रामेश्वर बोले- डबल डेकर एलिवेटेड 18 माह में बनकर होगा तैयार

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को संतनगर में बन रहे प्रदेश के पहले सबसे लंबे डबल डेकर सिक्स लेन ऐलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। शर्मा ने कहा की संतनगर प्रदेश का बड़ा व्यापारिक केन्द्र है, ऐसे में व्यापारिक गतिविधियों के अप्रभावित रहते हुए कार्य करें। बता दें कि संत हिरदाराम नगर में प्रदेश का पहला डबल डेकर ऐलिवेटेड कॉरिडोर बन रहा है यह कॉरिडोर 306 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। इस कॉरिडोर के निर्माण से संतनगर की दशकों पुरानी ट्रेफिक की समस्या से मुक्ति मिलेगी। साथ ही संत नगर की व्यापारिक और रोजगार परक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्य के दौरान व्यापारियों को कोई असुविधा न हो, इस संबंध में विधायक शर्मा ने निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने कहा की इंदौर उज्जैन देवास सहित अन्य नगरों में जाने वाले यात्रियों को एवं संत नगर में लगने वाले ट्रेफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।

**वाहन डायवर्ड करने पर विचार:** मंगलवार को सिक्स लेन डबल डेकर फ्लाइओवर का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की एलिवेटेड के स्लैब डाले जाने तक इंदौर भोपाल सहित अन्य शहरों को जाने वाली बसें जिनका स्टॉपेज संत नगर या आसपास नहीं है उनको गांधीनगर होते हुए भोपाल बायपास से डाइवर्ट किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इसी तरह भारी वाहनो को भोपाल बायपास से डाइवर्ट किया जाएगा। जिससे नागरिकों को ट्रेफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।



यह मौजूद रहे : इस दौरान लोक निर्माण विभाग सेतु से जावेद शकील, नगर निवेशक अनूप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त यातायात श्री बसंत कौल, एसीपी देवेंद्र यादव, एसडीओ रवि शुक्ला उपस्थित रहे।

खास बिंदु : - 18 महीने में बनकर तैयार होगा यह डबल डेकर फ्लाइओवर। - फ्लाइओवर की लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है जमीन से इसकी ऊंचाई 9 मीटर से अधिक रहेगी। - हर 15 दिनों में एलिवेटेड का निरीक्षण किया जाएगा। - आगामी कार्ययोजना का विस्तृत चार्ट बनाया जाएगा। - बसों एवं भारी वाहनों को डाइवर्ट करने पर विचार होगा। - संत हिरदाराम नगर में आकार ले रहा डबल डेकर फ्लाई ओवर

## 'मां भी एक्टर' सिन्धी प्रतियोगिता में विजेताओं का सम्मान हुआ

**हिरदाराम नगर.** सिन्धी संगत द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 'मां भी एक्टर' सिन्धी एक्टिंग प्रतियोगिता का पूरे देश में आनलाइन आवेदन लिए थे, जिसके परिणाम की घोषणा सिंधी संगत साइट पर की गई, जिसमें दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के नीव जीवतानी और हर्षिता लालवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय हमेशा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा एवं संस्कार देने का काम भी करता है। विद्यालय के दो बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'मां भी एक्टर' सिन्धी एक्टिंग स्पर्धा में भारत में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उपस्थित संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, अतिथि कमल शेवानी विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को बधाई दी।

**मेट्रो एंकर** एमआईसी सदस्य के नेतृत्व में एसडीएम के साथ बैठक

# लीज नवीनीकरण को लेकर प्रशासन से मुलाकात

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधी विस्थापित 500 परिवारों जिन्हें वन ट्री हिल्स क्षेत्र में प्रति परिवार 1200 वर्गफीट का भूखण्ड आवंटित किया गया था, 30 साल की लीज 2018 में खत्म हो चुकी है, जिनका नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। मसले पर मंगलवार को संतनगर के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम के साथ बैठक की। मामले में अगली बैठक गुरूवार सात नंवबर को होगी, जिसमें रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी के अफसर भी मौजूद रहेंगे। दरअसल 500 परिवारों ने तीन गृह निर्माण समितियों भारतीय सिंधु, नव युवक एवं गांधीनगर सुधार गृह निर्माण समिति के माध्यम से ये भूखण्ड हासिल किए थे, लेकिन लम्बे समय से तीनों समितियों अस्तित्व में नहीं है, ऐसे में लीज नवीनीकरण में काफी दिक्कत आ रही है। इसका समाधान खोजने के लिए एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने एयरपोर्ट पर 19 अक्टूबर को कलेक्टर विक्रम कोशलेन्द्र से मुलाकात आग्रह किया था, जिसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम को एक माह के भीतर निराकरण के निर्देश दिए।



पूरा मामला रखा मुलाकात में इसी सिलसिले में हिंगोरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने एसडीएम से मुलाकात की। प्रतिनिधि मण्डल में राजेश हिंगोरानी, नरेन्द्र लालवानी, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत महासचिव सुरेश जसवानी के अलावा नव युवक सभा के आडीटर धर्मप्रकाश मोटवानी, पुरूशोतम टिलवानी, तुलसी आसनानी मुख्य रूप से शामिल थे। प्रतिनिधि मण्डल ने एसडीएम को बताया कि 6 जून 2023 को तत्कालीन कलेक्टर के साथ विधायक रामेवर शर्मा की मौजूदगी में तीनों गृह निर्माण समितियों के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें प्रीमियम राशि जमा करने को कहा गया था जिसके बाद नव युवक एवं भारतीय सिंधु गृह निर्माण समिति ने लगभग 15 लाख की प्रीमियम राशि जमा कर दी, जबकि प्रावधान तो यह कि जब पट्टा या लीज का आवंटन होता है, प्रीमियम की राशि उसी समय ली जाती है, बावजूद इसके विस्थापितों से नियम विरूद्ध 15 लाख की राशि जमा करवाई गई लेकिन लीज नवीनीकरण फिर भी नहीं हो रहा है।

**अस्तित्व में नहीं हैं समितियां:** प्रतिनिधि मण्डल ने एसडीएम अदित्य जैन को बताया कि लम्बे समय से तीनों गृह निर्माण समितियां अस्तित्व में नहीं है इसलिए जिन्हें भूखण्डों का आवंटिन किया गया, और वर्तमान जो भूखण्डों पर काबिज है, उन्हें उनके नाम पृथक पृथक लीज नवीनीकरण किया जाए क्योंकि इसके अभाव में जहां भूखण्डों पर बने मकानों की खरीद फरोख्त में दिक्कत हो रही है, वहीं बैंक से लोन भी नहीं मिल रहा है।




*रिपोर्ट में दावा: मृत हाथियों के विसरा में साइक्लोपियाजोनिक एसिड की पुष्टि, लेकिन यह आया कैसे, पता नहीं*

अभी भी केंद्र की बरेली, सागर फारेंसिक और जबलपुर राज्य अनुसंधान केंद्र वाली लैब से विस्तृत रिपोर्ट आनी बाकी

# बरेली लैब की रिपोर्ट भी नहीं खोल पाई 10 हाथियों की मौत की गुत्थी

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 29 से 31 अक्टूबर तक हुई 10 हाथियों की मौत का मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत को लेकर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आइवीआरआई) बरेली की रिपोर्ट आ गई है। जिसमें पाया है कि मृत हाथियों में साइक्लोपियाजोनिक एसिड से मिला है, जो हाथियों की मौत की वजह हो सकता है लेकिन रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह खतरनाक एसिड कैसे आया। इस तरह हाथियों की मौत की गुत्थी अब तक सुलझ नहीं पाई है। हालांकि यह अंतिम रिपोर्ट नहीं है, अभी बरेली लैब से ही विस्तृत रिपोर्ट आनी है। साथ ही सागर फारेसिंग और जबलपुर अनुसंधान केंद्र की लैब से भी विस्तृत रिपोर्ट आनी बाकी है। तीनों रिपोर्ट का संयुक्त के बाद ही हाथियों की मौत की सही वजह पता चल पाएगा।

हाथियों की मौत की घटना 29 से 31 अक्टूबर के बीच बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हुई थी। वन विभाग ने शुरू में प्राथमिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कोदो-कुटकी की विषाक्तता को संभावित कारण बताया था। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संज्ञान लिया था और वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के नेतृत्व में अधिकारियों का जांच दल भेजा था। वह भी मौत की असली वजह पता नहीं कर पाया था। अभी उक्त मामले की जांच राष्ट्रीय वन्यप्राणी क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, मप्र स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स समेत चार अलग-अलग एजेंसियां जांच कर रही है।



### असम व अरुणाचल में मरे थे 33 हाथी

मप्र की तरह असम व अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर हाथियों की मौत् हुई थी। तब 33 हाथी मरे थे। असम के हाथी विशेषज्ञों का कहना है तबके कुछ अधिकारी व कुछ रिपोर्ट भी खराब फसल को ही मौत की वजह बता रहे थे। जिसे केंद्र की तत्कालीन सरकार व एनटीसीए ने नकार दिया था। नए सिरे से जांच की गई तो पता चला कि हाथियों को कीटनाशक देकर मारा गया था। तब वहां की सरकार ने बड़े कीटनाशक गिरोह का भंडाफोड़ किया था।

### वन विभाग का दावा- रिपोर्ट की गणना जारी

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एल कृष्णमूर्ति का कहना है कि रिपोर्ट के अनुसार यह पता चलता है कि हाथियों ने बड़ी मात्रा में खराब कोदो पौधे व अन्य अनाज खाया था। नमूनों में पाये गए साइक्लोपिया?ोनिक एसिड की विषाक्तता की वास्तविक गणना आगे की जा रही है। अभी इस नतीजे पर पहुंचना कठिन है कि खराब कोदो-कुटकी ही वजह है। कृष्णमूर्ति की ओर से सलाह जारी कर किसानों को कहा है कि मवेशियों को खराब फसलें न खाने दें। वन विभाग के अधिकारियों को भी ध्यान राख्ने के लिए कहा गया है।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर बनाए गए डॉ. सहाय

भारतीय वन सेवा 2009 बैच के आईएफएस अधिकारी डॉ. अनुपम सहाय को बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व का नया फील्ड डायरेक्टर बनाया है। 10 हाथियों की मौत के बाद आईएफएस गौरव चौधरी को हटा दिया था। वन विभाग ने मंगलवार देर शाम को आदेश जारी किए हैं। डॉ. सहाय 2009 बैच के आइएफएस हैं। वह शिवपुरी वन वृत्त के वन संरक्षक रहे हैं।




# अपराध रोकने में सरकार अब लेगी ड्रोन की मदद

- सायबर सुरक्षा का जिम्मा इलेक्ट्रानिक विकास निगम को दिया जाएगा
- मुख्यमंत्री ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अपराध रोकने के लिए ड्रोन तकनीक की मदद ली जाएगी। अवैध कटाई, अवैध खनिज उत्खनन व सघन बस्तियों में पुलिस पेट्रोलिंग जैसे कामों में ड्रोन का उपयोग किया जाएगा। टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने के लिए आईटी पार्कों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। इनका निर्माण सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी मोड) से करने का विकल्प मिलेगा।

इतना ही नहीं, सायबर के बढ़ते खतरों के बीच सायबर सुरक्षा का जिम्मा इलेक्ट्रानिक विकास निगम को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के कामों की समीक्षा में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि मैपकास्ट के साथ क्रिस्प और इस तरह की अन्य संस्थाएं समान स्वरूप की गतिविधियों का संयुक्त रूप से समन्वय पूर्वक संचालन करें। इंदौर, उज्जैन और रीवा में इन संभावनाओं को साकार किया जाए। सभी आईटी प्रोजेक्ट्स के कार्यों की समय- सीमा तय कर कार्य करें। उज्जैन जिले की डोंगला वेधशाला को आईआईटी इंदौर के साथ कनेक्ट कर रिसर्च एवं डेवलपमेंट पाठ्यक्रम



विकसित करने की दिशा में काम करें। विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन और अनुसंधान के लिए प्रेरित किया जाए। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी वेधशालाओं का भ्रमण कर ज्ञान स्तर बढ़ाएं। प्रदेश में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित अतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर युवाओं को जोड़ा जाए।

**प्रतिभाओं का सम्मान**

# 'नवनियुक्त अधिकारी निष्ठाऔर समर्पण से दायित्व निर्वहन करें'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज यहाँ विन्ध्य भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कहा कि उच्च पदों पर चयनित आप सभी लोगों को ईश्वर ने मौका दिया है कि प्रदेश सहित विन्ध्य के विकास में अपना भरपूर योगदान दें। हजारों परिवार आपकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। विंध्य क्षेत्र से शासकीय सेवाओं में चयनित युवाओं के इस सम्मान समारोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक अजयसिंह मौजूद थे।




उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरी की जितनी जरूरत आप सभी को है उससे कहीं ज्यादा जरूरत देश और प्रदेश को आपकी है। इसलिए जहाँ कहीं भी आप पदस्थ हैं, आपकी भूमिका मायने रखती है। आपकी पारखी नजर ही विकास को नये पंख लगा सकती है। इससे उन सभी नवयुवकों को प्रेरणा मिलेगी जो अभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने कहा कि आज के कार्यक्रम का जो उद्देश्य था, वह पूरा हुआ है। ?शी की बात है कि आज विभिन्न क्षेत्रों के विन्ध्य के युवा चयनित अधिकारी एक मंच पर एकत्र हुए हैं। यह तो अभी केवल शुरुआत है, आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। विन्ध्य के बहुत सारे लोग बड़े बड़े पदों से रिटायर होकर भोपाल में बस गये हैं, आगे उन्हें भी एकत्र कर सम्मानित किया जाएगा ताकि उनके अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को मिल सके। उन्होंने कहा कि विन्ध्य के बहुत सारे लोग देश की बड़ी बड़ी जगह पदस्थ हैं, चाहे वह रक्षा क्षेत्र हो या फिर न्याय का। सभी जगह उन्होंने विन्ध्य का नाम ऊंचा किया है। बघेलखंड ट्रस्ट के महासचिव और कार्यक्रम के संयोजक डा. कमलाकर सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश बनने से पहले विन्ध्य की अपनी पहचान रही है। लेकिन मध्यप्रदेश बनने के बाद वह नये प्रदेश में समा गई। आज विन्ध्य के प्रतिभाशाली लोग यूपीएससी और पीएससी से नव चयनित अधिकारी एक मंच पर एकत्र हैं जो ट्रस्ट के लिए सौभाग्य की बात है। पूर्व में उपमुख्यमंत्री व सिंह ने भारतीय प्रशासनिक सेवा, वन सेवा सहित राज्य सेवा के लगभग 50 से अधिक अधिकारियों का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## केरल के राज्यपाल व नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व्याख्यानमाला में लेंगे हिस्सा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार 10 नवंबर को एक व्याख्यानमाला में हिस्सा लेंगे। यह आयोजन रवींद्र भवन में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान आयोजित कर रहा है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भारत की विविधता में सांस्कृतिक एकात्मता व डॉ. राजीव कुमार विकसित और आत्मनिर्भर भारत पर वक्तव्य देंगे।

## प्रदेश में निवेश: 10 कंपनियों को मिलेगा कस्टमाइज पैकेज का लाभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में बड़े निवेश बढ़ाने के लिए उद्योग नीति में तय रियायतों से भी ज्यादा लाभ दिया जा रहा है। सीएम की अध्यक्षता में निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति की बैठक में 10 निवेशकों को कस्टमाइज पैकेज देने की मंजूरी दी गई है। परियोजनाओं से प्रदेश में लगभग 2100 करोड़ का पूंजी निवेश होगा। 6200 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इन उद्योगों को सरकार द्वारा विभिन्न मद जैसे कम दरों पर बिजली, पूंजीगत अनुदान, रोजगार सृजन अनुदान एवं प्रशिक्षण हेतु विशेष प्रोत्साहन देने का फैसला लिया गया है।

# पर्यटन में प्रशिक्षण के साथ रोजगार पर दे विशेष ध्यान-राज्य मंत्री



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पर्यटन परियोजनाओं में प्रशिक्षण के साथ साथ युवाओं को रोजगार भी मिले। इसका विशेष ध्यान दिया जाए। रोजगार के विभिन्न विकल्पों और योजनाओं पर भी कार्य करें। यह बात पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने मंत्रालय में पर्यटन बोर्ड की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जनमानस और पर्यटकों से जुड़ी परियोजनाओं को धरातल पर वास्तविक रूप से लागू करें। वह स्वयं प्रदेश में दौरा कर पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। राज्य मंत्री लोधी ने स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना में निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्जैन के बाद मैहर में पर्यटकों की बड़ी हुई संख्या को देखते हुए निर्देश दिए मां शारदा मंदिर को धार्मिक स्थल के रूप में प्रचारित करने और पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने पर विशेष ध्यान दे। साथ ही वीरांगना रानी अवंतीबाई के जीवन चरित्र, योगदान और घटनाओं पर आधारित संग्रहालय निर्माण की योजना पर कार्य करें। सभी कार्यों को व्यवस्थित रूप से करें। शिकायत का मौका न दे। लोधी ने पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नाम पर संचालित होने वाली वायु सेवा के संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उड़ाने समय पर और नियमित संचालित हो।

जल जीवन मिशन

# सचिव, प्रमुख अभियंता मौके पर करेंगे निराकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जल जीवन मिशन योजना में आने वाली मैदानी दिक्कतों का अब मौके पर जाकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी निराकरण करेंगे। विभाग के सचिव पी. नरहरि और प्रमुख अभियंता केके सोनगरिया सभी जिलों का दौरा करेंगे। सप्ताह में दो से तीन जिलों का दौरा होगा। बैठक में कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, सभी सीईओ जनपद पंचायत. एसई, ईई, एई और जेई बैठक में मौजूद रहेंगे।

### समन्वय का अभाव

मिशन के कामों में सबड़े बड़ी समस्या विभागों में समन्वय का अभाव है। शिकायतें सामने आती रहती हैं। ज्यादातर बातें उच्च अधिकारियों तक पहुंचती भी नहीं हैं। ऐसे में समस्याओं का निराकरण तुरंत करने, काम में तेजी लाने के उदेश्य से जिलों में अधिकारियों के साथ बैठकर कर सुनवाई की जाएगी।




संपादकीय

# बाजार और हालात

सभारतीय शेयर बाजार में लगातार आ रहे हिचकोले की चर्चा व डर हर जगह देखा जा सकता है। दरअसल इस पूरे साल ही गौर से देखें तो वित्तीय बाजारों में अस्थिरता का असर रहा है। खासतौर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के रुख ने बाजार को प्रभावित किया है। अप्रैल से हाल तक एफपीआई ने कुल मिलाकर भारतीय शेयरों में तकरीबन 8,644 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। परंतु बिकवाली तीन खास महीनों में केंद्रित रही। अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी भरकम बिकवाली के बाद मई में 25,586 करोड़ रुपये और अप्रैल में 8,671 करोड़ रुपये की बिकवाली हुई थी। अप्रैल-मई में हुई निकासी के दौरान ही भारत में आम चुनाव चल रहे थे और उसके नतीजों को लेकर तमाम तरह की शंकाएं की जा रही थीं। इस समय अमेरिका में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है और अक्टूबर तथा नवंबर में एफपीआई की निकासी में इसका भी योगदान माना जा रहा है। कुछ एफपीआई इस सप्ताह फेडरल रिजर्व की बैठक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हाल के सप्ताहों में अमेरिकी बॉन्ड यील्ड बढ़ी है और बाजार के लिए फेडरल रिजर्व की स्थिति अहम होगी। एफपीआई उभरते बाजारों को लेकर अपने भार को नए सिरे से संतुलित कर रहे हैं और चीन में नया प्रोत्साहन पैकेज घोषित होने के बाद वहां अधिक संसाधन आवंटित कर रहे हैं। केवल एफपीआई ही नहीं बल्कि कई निवेशक भी भारत के एक्सपोजर को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं क्योंकि भूराजनीतिक तनावों के कारण ईंधन कीमतों में इजाफा होने की संभावना है। कई निवेशक दूसरी तिमाही के कमजोर आय नतीजों के कारण भी निराश हैं। इन सबके बीच अब अमेरिकी चुनाव निर्णायक साबित हो सकते हैं।जिसके लिये वोट डाले जा चुके हैं। ओपिनियन पोल की मानें तो राष्ट्रपति चुनाव करीबी टक्कर ाले हैं। अगर कमला हैरिस जीतती हैं तो अमेरिका शायद जो बाइडन प्रशासन की नीतियों और कदमों को जारी रखेगा। बाइडन प्रशासन ने अमेरिका को कोविड के झटके से उबारने और मुद्रास्फीति के मुकाबला करने के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया है। डॉनल्ड ट्रंप अपने प्रचार अभियान में वादा कर रहे हैं कि अमेरिका की नीतिगत दिशा बदली जाएगी। यह बदलाव घरेलू और भूराजनीतिक दोनों क्षेत्रों में होगा। ट्रंप ने कहा है कि उनका इरादा अमेरिकी आयात पर सीमा शुल्क बढ़ाने और आव्रजन और वर्क वीजा में भारी कटौती करने का है। इससे भारत के आईटी सेवा उद्योग पर नई-नई लागत लगेगी। ट्रंप ने यह इरादा भी जताया है कि वह आयकर ढांचे पर नए सिरे से काम करेंगे। वास्तव में कई नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने लिखा है कि ट्रंप द्वारा प्रस्तावित कुछ नीतियां अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगी। वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था में अमेरिका की भूमिका को देखते हुए अचानक बदलाव के विपरीत असर हो सकते हैं। ऐसे बदलाव का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था के उन क्षेत्रों पर तो खासा नकारात्मक प्रभाव होगा जिनका अमेरिका से करीबी जुड़ाव है। यह अमेरिकी बाजार को भी प्रभावित कर सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वायत्तता को कम करने का कोई भी प्रयास वित्तीय बाजारों के रुझानों पर असर डालेगा। लिहाजा इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि घरेलू भारतीय संस्थानों में तेजी का रुख है और अब तक म्युचुअल फंड के माध्यम से शेयर बाजार की खुदरा आवक मजबूत है तथा प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश में भी तेजी है। अब तक पिछले पांच सप्ताह में निफ्टी में नौ फीसदी की गिरावट आ चुकी है। ज्यादा बिकवाली भावनाओं को बदल सकती है और फिलहाल तो हालात बता रहे हैं किन निवेशकों को उत्साह से ज्यादा सतर्कता व समझदारी से काम लेना चाहिये।

**एक बार जब आप किसी चीज़ पर काम करना शुरू कर दें। असफलता से डरो मत और उसका परित्याग मत करो। जो लोग ईमानदारी से काम करते हैं वे सबसे ज्यादा खुश होते हैं।**

-चाणक्य

## आज का इतिहास

- 1763- ब्रिटिश फौज ने मीर कासिम को हरा कर पटना पर कब्जा किया।
- 1813- मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1844- स्पेन ने डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया।
- 1860- अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति चुने गए।
- 1903- अमेरिका ने पनामा के स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- 1913- दक्षिण अफ्रीका में भारतीय खनन मजदूरों की रैली का नेतृत्व करने के लिए महात्मा गांधी को गिरफ्तार किया गया।
- 1943- दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान जापान ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सौंपे।
- 1949- यूनान में गृह युद्ध समाप्त हुआ।
- 1962- राष्ट्रीय रक्षा परिषद् की स्थापना हुई।
- 1990- नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने।
- 1994- अफ़ग़ानिस्तान के बुरहानुद्दीन रब्बानी गुट द्वारा संयुक्त राष्ट्र अफ़ग़ान शांति योजना स्वीकृत।
- 1998- सियाचिन में युद्धविराम का भारत का प्रस्ताव पाकिस्तान को नामंजूर।
- 2000- ज्योति बसु ने लगातार 23वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा।
- 2004- रूस ने क्योटो करार की पुष्टि की।
- 2008- स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने प्रधान ब्याज दर (जीएलआर) और जमादारों के कटौती की घोषणा की।
- 2013- सीरिया के दमस्कस में आत्मघाती विस्फोट में आठ मरे,50 घायल।
- इराक की राजधानी बगदाद में आत्मघाती हमला,15 की मौत।
- 2013- महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और वैज्ञानिक प्रो.सीएनआर राव को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा।
- 1986- भावना पटेल- भारत की पैरा टेबुल टेनिस खिलाड़ी का जन्म।
- 1956- जितेन्द्र सिंह- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री का जन्म।
- 1939- विजय कुमार कार्णिक का जन्म - भारतीय वायुसेना में पायलट थे।
- 1937- यशवंत सिन्हा का जन्म - पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिविल सेवा।
- 2010- सिद्धार्थ शंकर राय- पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे का निधन।
- 1985- संजीव कुमार- हिन्दी फ़िल्म अभिनेता का निधन।
- 1951- एचजे कनिया- स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे का निधन हुआ।

## निशाना

### आ गए वो पास ?



-कृष्णेन्द्र राय

बढ़ रही है हलचल ।
आ गए वो पास ?
स्वागत गर्मजोशी से ।
बन सकते अब ख़ास ?
राजनीति में कोई ।
ना दुश्मन ना मित्र ।।
इसलिए तो कहते हैं ।
है स्थिति विचित्र ।।
शांत है तकरार ।
पनपा शायद प्यार ।।
आ गया अब वक्त ।
हो चुकता उधार ।।
कब पक जाए खिचड़ी ।
जान कौन ये पाया ।।
कुर्सी सबको प्यारी है ।
है कुर्सी की माया ।।

# अमेरिका के कड़वाहट भरे चुनाव अभियान के वैश्विक दांव

**कई साल पूर्व, एक चुटकुला प्रचलित था कि अमेरिकी डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टी के बीच अंतर वही है जो कोक और पेप्सी के बीच है। अब, लगता है कि दोनों अपनी-अपनी चटखारेदार झाग खो बैठे हैं और बृहद अपेक्षाओं के बीच, परस्पर विरोधी वैश्विक नज़रिये और अलग-अलग दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। तरंगदायक स्वाद की जगह कड़ुवाहट ने ले ली है।**



■ अशोक लवासा

अमेरिका में मतदाताओं के लिए, चिंता का विषय है बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, आव्रजन, आय-स्तर में असमान वृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं। सर्वेक्षणकर्ता लोकप्रिय रुझान को मापने के तरीकों के आधार पर भविष्य का अनुमान लगाने में व्यस्त हैं तो सट्टेबाज़ सिंडिकेट वांछित परिणाम पाने पर नज़र गड़ाए हुए हैं। इस रस्साकशी में अमेरिकी मतदाता फंसा हुआ है, तो शेष दुनिया चुनाव परिणाम का अन्य क्षेत्रों एवं वैश्विक भू-राजनीति पर असर क्या रहेगा, इसको लेकर पसोपेश में है।पश्चिमी एशिया की स्थिति अमेरिकी प्रशासन के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि वैश्विक तेल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है और अपनी तेल आपूर्ति सुरक्षा के लिए अमेरिका भी इस क्षेत्र पर निर्भर है। तेल की वैश्विक मांग और आपूर्ति संतुलित करने में पश्चिम एशिया की भूमिका अहम है। तेल एवं क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दे, सऊदी अरब के साथ अमेरिका के संबंध और इस क्षेत्र पर इस्राइल-गाजा संघर्ष के नतीजे बहुत महत्वपूर्ण हैं।

इस संभावना को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस में कौन पश्चिम एशिया की स्थिति को सकारात्मक तरीके से प्रभावित कर सकता है, खासकर जबकि गाज़ा या वेस्ट बैंक में फलस्तीनी इलाका छिनने पर असंतोष बढ़ सकता है। दूसरा क्षेत्र जो सर्वाधिक प्रभावित होने की संभावना है, वह है लैटिन अमेरिका, जहां चीन का बढ़ता प्रभाव साफ देखा जा रहा है। पहले इस क्षेत्र को अमेरिका परस्त माना जाता था, परंतु इसमें चीन की भूमिका तेजी से बढ़ी है, जिसका नेतृत्व उसकी सरकारी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और अंतरिक्ष उद्योगों में निवेश से हुआ। चीन दक्षिण अमेरिकी मुल्कों का शीर्ष व्यापारिक साझेदार है, जिसके चिली, कोस्टारिका, इक्वाडोर और पेरू के साथ मुक्त व्यापार समझौते हैं, इसके अलावा 21 लैटिन अमेरिकी देश चीन की 'बेल्ट एंड रोड पहल' में शामिल हैं।

चीन ने लैटिन अमेरिकी मुल्कों के साथ कच्चे माल के क्षेत्र में लगभग 73 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जिसके तहत कोयला, तांबा, प्राकृतिक गैस, तेल और यूरेनियम समृद्ध देशों में रिफाइनरियां और प्रसंस्करण संयंत्र बनाना शामिल है। चीन ने अर्जेंटीना, बोलीविया और चिली में लिथियम उत्पादन और वाणिज्यिक बंदरगाहों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे प्रोजेक्ट में भी निवेश किया है।

अमेरिका के लिए चिंता की बात यह हो सकती है कि चीन के ध्यान का केंद्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग और 5-जी तकनीक जैसे 'नवीनतम बुनियादी ढांचा' निर्माण है और इसके साथ अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने की तगड़ी कोशिशें करना भी है। लैटिन अमेरिका के लिए प्रमुख मुद्दा आव्रजन है, जो कि स्पष्ट रूप से लगातार जोर पकड़ रहा है, जैसा कि अमेरिकी सीमा पर हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या से देखा जा सकता है।

नशे के खिलाफ अमेरिकी प्रशासन की लड़ाई उन लैटिन अमेरिकी देशों को भी प्रभावित करती है, जो भले ही स्वयं उत्पादक न हों, लेकिन अमेरिका में ड्रग और मानव तस्करी के लिए गलियारे के रूप में उपयोग किए जाते हैं। कोलंबिया के पत्रकार डायना ड्यूरन के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन को अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए लैटिन- अमेरिका का महत्व समझने की जरूरत है।

सितंबर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच बहस के दौरान अमेरिका-रूस संबंधों का सवाल उठा था। जो बात अमेरिका को परेशान कर रही है, वह यह कि सोवियत संघ के विघटन के बाद, उम्मीद थी नया रूस उदार, लोकतांत्रिक और अपने पड़ोसियों के लिए मददगार होगा। रूस का उद्भव - विशेषतया पुतिन के नेतृत्व में - महाशक्ति बनने को अग्रसर देश के रूप में, अमेरिका की उम्मीदों को सालता है, जिससे संभावित आपसी सहयोग, संभावित संघर्ष में बदल गया है।

जहां अमेरिका रूस को नजरअंदाज नहीं कर सकता वहीं रूस अमेरिकी चुनावों को लेकर बेपरवाह लगता है। कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, रूसियों के लिए हैरिस अपेक्षाकृत अनजान हैं। हालांकि उनसे उम्मीद है कि वे बाईडेन के दृष्टिकोण को जारी रखेंगी, लेकिन ट्रम्प को एक 'मित्र' के रूप में जाना जाता है और तरजीह दी जाती है। बॉब वुडवर्ड की नवीनतम पुस्तक : 'वॉर' में ट्रम्प और पुतिन के बीच गुप्त बातचीत का जिक्र है, जिससे आशंका बलवती होती है कि ट्रम्प रूस को रियायतें दे सकते हैं। इससे रूस को यूक्रेनी संकट से निपटने में मदद संभव है, इसके अलावा रूस की ऊर्जा संसाधन संपन्नता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने में इसके बढ़ते महत्व से जोड़ा जा सकता है। यही वजह कि प्रतिबंधों के बावजूद वह कई एशियाई व यूरोपीय देशों संग अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने में सक्षम रहा।

जहां तक चीन का सवाल है, माना जाता है कि व्यापार, ताइवान और स्वच्छ ऊर्जा पर चुनाव परिणाम के संभावित प्रभाव को लेकर बीजिंग का 'थिंक टैंक' सावधानी से अध्ययन कर रहा होगा। व्यापारिक संबंधों को लेकर, चीन में कुछ लोग हैरिस की तुलना में ट्रम्प का पक्ष लेते हैं, लेकिन अधिकांश को लगता है कि रिश्ते मुख्यतः वास्तविक आर्थिक सोच से तय होंगे। प्रमुख मुद्दा शुल्क दर रहेगा, विशेषतया चीनी तकनीकी कंपनियों के लिए, जिनके वास्ते संभवतया एक अलग व्यवस्था बने। चीनी आयात पर अमेरिका की बेहद निर्भरता ने एक बड़े व्यापारिक घाटे को जन्म दिया है। बताने की जरूरत नहीं कि दोनों देशों में परस्पर आर्थिक निर्भरता का रिश्ता है, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने में, अमेरिका के लिए चीन पसंदीदा गंतव्य रहा है। अमेरिका की प्राथमिकताओं में से एक इसकी आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण भी है।

जहां तक ताइवान का सवाल है, न तो हैरिस और न ही ट्रम्प वर्तमान स्थिति बदलना चाहेंगे। इसके अलावा, अमेरिका में यह अहसास बढ़ रहा है कि स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने की जरूरत में चीन को फायदा मिलता है, क्योंकि उपकरणों के निर्माण में उसका प्रभुत्व है और अति आवश्यक पर मेटीरियल पर भी उसका नियंत्रण है। एक ऐसा क्षेत्र जिस पर अमेरिकी चुनाव परिणामों का सर्वाधिक प्रभाव पड़ेगा, वह है जलवायु परिवर्तन से निबटने में वैश्विक प्रयास, विशेषकर इस मुद्दे पर मुख्य दावेदारों के अलहदा नज़रिए के परिप्रेक्ष्य में। जहां एशिया और अफ्रीका की 'ऊर्जा की भूख' का समाधान खोजना सर्वमान्य है वहीं इनके मतभेदों का असर ऊर्जा पर्याप्तता के अलावा ऊर्जा के स्वरूप में बदलाव की प्राप्ति, वैश्विक संकल्प और सहयोग पर पड़ना तय है।

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच बहस के दौरान, हैरिस ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले खतरे पर विस्तार से बात की और स्वच्छ ऊर्जा में बाइडेन प्रशासन की पहल और निवेश का उल्लेख किया। जहां हैरिस ने स्वच्छ ऊर्जा में निवेश के माध्यम से नए विनिर्माण रोजगार सृजित करने की बात कही वहीं ट्रम्प का जोर अमेरिकी उद्योग को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने और ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने पर था। ऐसे कालखंड में, जहां एक ओर लोकतंत्र स्वयं वैश्विक स्तर पर गंभीर चुनौतियों से रूबरू है और दूसरी तरफ जलवायु परिवर्तन जैसा अहम विषय है, चुनाव परिणाम का इन पर बहुत बड़ा असर संभावित है। स्वतंत्रता का अधिकार और जीवन का अधिकार- दोनों को ताजी हवा की सांस चाहिये।

**(साभार : लेखक भारत के पूर्व चुनाव आयुक्त हैं)**

# शर्मनाक हार के दोषी हैं ये चार धुरंधर खिलाड़ी, इन्हें दें संन्यास

■ विनोद पाठक

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया घर में टेस्ट सीरीज 3-0 से हार गई। इस शर्मनाक हार के कारणों को लेकर मंथन जारी है, लेकिन इस सीरीज को गंवाने में चार खिलाड़ी मुख्य रूप से दोषी नजर आते हैं। पहले स्वयं कप्तान रोहित शर्मा हैं, दूसरे पूर्व कप्तान विराट कोहली, तीसरे ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा व चौथे रविचंद्रन अश्विन हैं। इन चारों खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता के अनुसार खेल का प्रदर्शन नहीं किया।बेंगलुरु में पहला टेस्ट मैच बारिश के कारण बाधित रहा, लेकिन मात्र ढाई दिन में न्यूजीलैंड ने इस मैच को 8 विकेट से जीत लिया। इस टेस्ट मैच में रोहित शर्मा ने पहली पारी में दो और दूसरी पारी में मात्र 52 रन बनाए, जबकि विराट कोहली ने पहली पारी में शून्य और दूसरी पारी में 70 रन, रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में शून्य व दूसरी पारी में पांच और रविचंद्रन अश्विन ने पहली पारी में शून्य व दूसरी पारी में 15 दिन जोड़े। इस मैच की पहली पारी में भारत 46 रनों पर ऑल आउट हो गया था।दूसरा टेस्ट मैच पुणे में खेला गया, जिसमें न्यूजीलैंड ने 113 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में भी रोहित शर्मा पहली पारी में अपना खाता नहीं खोल सके, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 8 रन बनाए।

विराट कोहली ने पहली पारी में एक रन व दूसरी पारी में 17 रन, रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में 38 व दूसरी में 42, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने पहली पारी में चार व दूसरी पारी में 18 रन की पारी खेली। दूसरे टेस्ट में भी खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस बेहद दोयम दर्जे का रहा।तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच मुंबई के वानखेड़े



स्टेडियम में खेला गया, जिसे न्यूजीलैंड की टीम ने 25 रनों से जीता। भारत को न्यूजीलैंड ने चौथी पारी में 147 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन हमारे कागजों में रिकॉर्डधारी बल्लेबाज लक्ष्य से पीछे रह गए।

इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने पहली बारी में 18 व दूसरी में 11 रन, विराट कोहली ने पहली पारी में चार व दूसरी में एक रन, रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में 14 व दूसरी में 6 रन और रविचंद्रन अश्विन ने पहली पारी में 6 व दूसरी पारी में 8 रन ही बनाएं।बांग्लादेश के खिलाफ घर में टेस्ट सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया के हौसले बुलंद थे, लेकिन न्यूजीलैंड के आगे जिस तरह से टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने हथियार डाले हैं, वो आश्चर्यजनक है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बल्लेबाजों से यह उम्मीद की जाती है कि वो टीम इंडिया को मजबूती प्रदान करेंगे।

रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ऑलराउंडर की भूमिका में टीम में शामिल किए गए हैं। दोनों को निचले क्रम में बल्लेबाजी को मजबूत करना होता है। इस टेस्ट सीरीज में ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, सरफराज और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों ने जरूर थोड़ा संघर्ष किया और स्कोर बोर्ड पर रन लगाए।घर में हार के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को धक्का लगा है। टीम इंडिया को आगे ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज खेलनी है। अब इस सीरीज में उन्हें ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से उसके घर में पराजित करना होगा, जो फिलहाल संभव नजर नहीं आता है। घर में हारकर टीम इंडिया ने अपनी तैयारियों की पोल भी खोल ली है।

जिस तरह से रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास लिया है। यदि ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर ये खिलाड़ी अच्छा परफॉर्मेंस नहीं करते तो इन्हें टेस्ट क्रिकेट से भी ने संन्यास दे दिया जाना चाहिए। रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन भी अपने करियर की ढलान पर हैं। दोनों को संन्यास ले लेना चाहिए। अब जरूरत युवाओं की नई टेस्ट टीम खड़ा करने की है।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

# होम वोटिंग : पहले दिन बुधनी विधानसभा क्षेत्र में हुआ 96 प्रतिशत मतदान

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

होम वोटिंग के पहले दिन बुधनी विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र के 313 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है।

बुधनी विधानसभा उप चुनाव के लिए आज हुई होम वोटिंग में 299 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। कुल 313 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया था। होम वोटिंग का विकल्प देने वाले मतदाताओं में 07 मतदाता मतदान के लिए शेष रहे हैं तथा 07 मतदाताओं की मृत्यु हो गई। होम वोटिंग के तहत कुल 96 प्रतिशत मतदान हुआ।



इसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 208 मतदाताओं में से 198 मतदाताओं ने मतदान किया तथा 05 मतदाता मतदान के लिए शेष रहे हैं एवं 05 मतदाताओं की मृत्यु हो गई। इसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं द्वारा कुल 98 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसी प्रकार कुल 105 दिव्यांग मतदाताओं में 101 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 02 दिव्यांग मतदाता मतदान के लिए शेष रहे हैं तथा 02 मतदाताओं की मृत्यु हो गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार 05 नवम्बर 2024 से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है। बुधनी विधानसभा क्षेत्रों में घर पर मतदान कराने के लिए 49 मतदान दलों का गठन किया गया है, जो ऐसे मतदाताओं के घर पर पहुंच कर भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार घर पर ही पोलिंग बूथ बनाकर मतदान करा रहे हैं।

होम वोटिंग के लिए 49 सेक्टर अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा 6 मतदान दल रिजर्व रहेंगे।

### होम वोटिंग के लिए मतदान दलों की संख्या

बुधनी विधानसभा उप चुनाव में होम वोटिंग के लिए 49 मतदान दल होम वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न करा रहे हैं। बुधनी विधानसभा में 49 मतदान दल 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होम वोटिंग की कार्यवाही सम्पन्न करा रहे हैं।

### स्कूल शिक्षा मंत्री ने माखननगर के आईटीआई भवन का लोकार्पण किया

# सभी शिक्षक तय करें कि हम बच्चों के सपनों को आकर देंगे : सिंह

■ बच्चों का कृषि के प्रति रूझान बढाने पाठ्यक्रम में कृषि विषय जोडा जाएगा

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

**प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को गढ़ने का कार्य करते है। शिक्षक अपनी पूरी काबिलियत से आने वाली पीढी को ज्ञान देने का कार्य करें। शिक्षक यदि यह कार्य सफलता पूर्वक पूरा करते है तो इससे देश को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता है।**

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति लागू की है जो रोजगार मूलक है। श्री राव ने कहा कि हर




कैम्पस में एग्रीकल्चर को बढावा देने के लिए एवं बच्चों में कृषि के प्रति रूझान बढाने के लिए पाठ्यक्रम में कृषि को एक विषय के रूप में जोडने का कार्य आगामी दिनों में करेंगे। उन्होने कहा कि हम बेहतर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पॉलिसी तैयार करने का कार्य भी कर रहे है।

स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने माखननगर में 10 करोड 43 लाख की लागत से बनी आईटीआई भवन का लोकार्पण किया। आईटीआई भवन परिसर में 60 सीटर बालक छात्रावास एवं आवासीय भवनों का भी निर्माण किया गया है।स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वे 15 साल से लगातार क्षेत्र में कार्य कर रहे है इस दौरान आने वाली बडी से बडी चुनौती को पूरा किया। उन्होने कहा कि जनता हमें अपनी अपेक्षाएं पूरी करने का आशीर्वाद देती है। हम जनता की अपेक्षाएं हर संभव पूरा करते है। उन्होने कहा कि शिक्षकगण अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी कर्तव्य निष्ठा से करें। यदि एक नेता चूक जाता है तो अपने क्षेत्र का विकास नहीं कर पाता है लेकिन यदि कोई शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन करने से चूकेगा तो उससे हमारी भावी पीढी का नुकसान होगा। सभी शिक्षक तय कर लें कि हम बच्चों के सपनों को आकार देंगे। श्री राव ने कहा कि शिक्षक संकल्प ले कि वे बच्चों के भविष्य गढने का कार्य करेंगे। सरकार सभी व्यवस्था तो उपलब्ध करा सकती है लेकिन भारत को विश्व गुरू एक शिक्षक ही बना सकता है।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव ने इसके पूर्व सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी प्रतियोगिताओं में सरकारी स्कूल के विद्यार्थी आगे रहते है। उन्होने कहा कि मौहासा में करोडों रूपये के प्रोजेक्ट आने वाले है। उन्होने कहा कि सभी शिक्षक तय कर लें तो अपने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ मुकाम तक पहुंचा सकते है।

सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा मंत्री ने विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों की कमी की पूर्ति की है। उन्होने कहा कि विभिन्न स्कूलों में बाउन्ड्रीवाल, गांव में सडक एवं मंगल भवन की आवश्यकता है। इसके लिए स्कूल शिक्षा मंत्री ने एक विजन डाक्यूमेंट तैयार किया है। आने वाले 5 वर्षों में सभी कार्यों को पूरा किया जाएगा। माखननगरमें 34 मंगल भवन का निर्माण कार्य जनवरी माह से प्रारंभ हो जाएगा। उन्होने क्षेत्र वासियों को आईटीआई भवन की शुभकामनाएं दीं।

### स्कूल शिक्षा मंत्री ने आंचलखेडा में मंगल भवन का भूमि पूजन किया

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह ने आंचलखेडा में बनने वाले मंगल भवन के कार्य का भूमि पूजन किया। मंगल भवन 50 लाख रूपये की लागत से बनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक उनके शरीर में प्राण है तब तक वह क्षेत्र के प्रति कृतज्ञ रहेंगे। उन्होने कहा कि माखननगर क्षेत्र के सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे। विधायक विजय पाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे है। उन्होने गांव के विकास के लिए सभी का सहयोग मांगा।

# बैतूल कलेक्टर सूर्यवंशी ने 21 सुपरवाइजर्स को दिया कारण बताओ नोटिस

■ संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

विगत दिवस हुई महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ति नहीं पाए जाने पर बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने 21 सुपवाईजर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सुपरवाइजर्स द्वारा आगामी सात दिवस में संतुष्टि जनक जवाब नहीं दिए जाने पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

भारत सरकार द्वारा महिलाओं को प्रथम प्रसव के लिये प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के रूप में तीन किश्तों में राशि 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। गर्भवती महिलाओं के लिये प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महती योजना है, जिसमें निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति न होने पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी द्वारा दोषी सुपरवाईजरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब मांगा है।

### इन सुपरवाइजर्स पर हो सकती है अनुशासनात्मक कार्रवाई

कार्य में लापरवाही पाए जाने के कारण कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बाल विकास परियोजना भैंसदेही से श्रीमती पार्वती वाडेकर, श्रीमती सुखिया फेन्ड्रे, श्रीमती मनीषा खातरकर, श्रीमती सुनिता कारदे, श्रीमती सुनिता सैलू, श्रीमती बबीता साबरकर एवं परियोजना-आमला से सुश्री रौशनी धुर्वे, श्रीमती देवा बेले, सुश्री वर्षा पवांर, श्रीमती पुष्पा तिवारी एवं परियोजना-मुलताई से श्रीमती सरोज जगदेव, परियोजना- प्रभातपट्टन से श्रीमती गीता सोलंकी एवं परियोजना शाहपुर से श्रीमती ज्योति बनवारी, श्रीमती मंजू राजपूत, श्रीमती माधवी घरसर एवं परियोजना घोडाडोंगरी से श्रीमती रधिया अहाके, श्रीमती सरोज चौरे एवं परियोजना-बैतूल ग्रामीण से श्रीमती बबीता वर्मा, सुश्री ज्योति भालेकर एवं परियोजना-बैतूल शहर से सुश्री राखी शानदांनी श्रीमती गुन्ता उईके को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इन सुपरवाइजरों के आगामी सात दिवस में नियंत्रणकर्ता अधिकारी के माध्यम से जवाब प्राप्त न होने/जवाब तुष्टिपरक न होने की दशा में नियमानुसार एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# अन्नकूट महोत्सव श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज में 7 नवंबर को



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लकड़गंज इटारसी में जिले का सबसे बड़ा अन्नकूट महोत्सव 7 नवंबर गुरुवार को सायंकाल 7.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न होगा। लड्डू गोपाल एवं श्री गोवर्धन को भोग लगाया जाएगा एवं श्री गोवर्धन पूजा क्षेत्र के प्रमुख कर्मकांडी ब्राह्मण पंडित मुरारी लाल उपाध्याय के द्वारा कराई जाएगी।

पूजन में सहयोग मंदिर के पुजारी पंडित सत्येंद्र पांडे एवं पंडित पीयूष पांडे करेंगे। मुख्य यजमान सीमा अनिल भदौरिया होंगी। भोजन प्रसादी सायंकाल 7.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक वितरित होगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, संरक्षक दीप अरोरा, शेखर पगारे, सचिव जितेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष दीपक जैन, उपाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, अमित सेठ दरबार, संगठन सचिव भूपेंद्र विश्वकर्मा, घनश्याम तिवारी, सहसचिव प्रवीण अग्रवाल, सुनील दुबे शिक्षक, महेंद्र पचौरी ओमप्रकाश कथवास ने नागरिकों से अनुरोध किया है, परिवार सहित आकर भोजन प्रसादी प्राप्त करें।

### 2 केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी 31 दिसंबर तक होगी

**नर्मदापुरम।** म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार कलेक्टर सोनिया मीना ने भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का खरीफ 2024 में समस्त पात्र कृषकों से एफ.ए.क्यू. मापदंड अनुरूप उपार्जन कार्य हेतु उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति के भौतिक सत्यापन तथा प्राप्त प्रस्ताव अनुसार 2 उपार्जन केन्द्र से.स. समिति शिवपुर के लिए शिवाय वेयरहाउस शिवपुर एवं से.स. समिति भैरोपुर के लिए पटेल वेयरहाउस शिवपुर को निर्धारित कर निर्देशित किया है कि उपार्जन संस्था सुनिश्चित करे कि उपार्जन के पूर्व जांच कर इस आशय का पंचनामा तैयार किया जाए कि उपार्जन हेतु चयनित गोदाम में क्या-क्या भंडारित है एवं उसमें पूर्व से सोयाबीन स्कंध का भंडारण न हो।

# केंद्रीय जेल के बंदियों को पॉलिटेक्निक कॉलेज देगा एक माह तक कंप्यूटर प्रशिक्षण

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय जेल खंड 'ब' में बंदियों को एक माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम का चयन कलेक्टर द्वारा किया गया है। प्रशिक्षण 04 नवंबर से प्रारंभ होकर 05 दिसंबर 2024 तक चलेगा।

प्रशिक्षण के उपरांत सर्टिफिकेट जेल विभाग के द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रदान करने में महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी सी नरवरे कंप्यूटर साइंस के विभाग अध्यक्ष देवेश तिवारी , व्याख्याता नमामि मिश्रा एम ओ एम विभाग की व्याख्याता सफीना अंसारी सूरज, सुशील यादव उपस्थित रहे।




**मेट्रो एंकर** नर्मदापुरम में राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता 17 से 21 नवंबर 2024 तक होगी आयोजित

# शतरंज व बैडमिंटन खेल में विभिन्न राज्यों के करीब 1900 खिलाड़ी भाग लेंगे

**नर्मदा पुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में आगामी 17 नवंबर से 21 नवंबर तक राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खिलाड़ियों के लिए कलेक्टर ने सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास, परिवहन आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि शतरंज स्पर्धा में 19 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसी प्रकार बैडमिंटन के लिए 17 से 19 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे । इस

■ कलेक्टर ने सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास, परिवहन आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को किया निर्देशित

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 1900 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए हैं कि खिलाड़ियों के उपयोग के लिए चिन्हित किए जाने वाले आवास स्थल पर सभी आवश्यक संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया है कि सूचीबद्ध तरीके से शाम तक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं



तथा अधिकारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के लिए उचित ड्यूटी ऑर्डर जारी कर दिए जाएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी को निर्देशित किया है कि संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आवास स्थलों का चुनाव कर ले। संबंधित अधिकारी स्कूल संचालकों, प्राचार्यों से चर्चा कर सुनियोजित तरीके से आवास स्थलों का चुनाव करें।

कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देशित किया है कि खिलाड़ियों के आवास हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान में रखें की आवास से मैदान तथा आयोजन स्थल की दूरी अधिक न हो। साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान दिया जाए की आवास के लिए परिक्षेपित स्थल के स्थान पर एकीकृत व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आयोजन स्थलों एवं आवास केंद्रों पर सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, शौचालय, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। इन सभी व्यवस्थाओं के लिए अलग अलग नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर उनकी जवाबदारी तय करें। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच भी किया जाना सुनिश्चित करें, इसके लिए कैटरिंग संचालक के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश पूर्व से ही दे दिए जाए।

कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को खिलाड़ियों एवं अन्य स्टाफ के लिए आवास स्थल से लेकर आयोजन स्थल तक लाने ले जाने की वाहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। इसी प्रकार कलेक्टर सोनिया मीना ने सीएमएचओ को निर्देश दिए है की आयोजन स्थल पर एक समर्पित स्वास्थ्य टीम तैनात कर के रखें साथ ही आयोजन स्थलों पर एंबुलेंस एवं फिजियोथेरेपिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने बिजली विभाग को खिलाड़ियों के आयोजन स्थलों एवं आवास स्थलों पर रोशनी व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए है की खिलाड़ियों के आवास स्थल पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुचारू रहे। विशेषतः महिला खिलाड़ियों के आवास स्थल के आस पास पर्याप्त रोशनी रहे तथा कोई भी स्थान ऐसा नहीं छोड़ा जाना चाहिए जहां समुचित प्रकाश व्यवस्था न हो।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने महिला खिलाड़ियों के लिए महिला कांस्टेबलों की तैनाती किए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर राज्यों के अनुसार प्रभारी नियुक्त कर दिए जाएं जिनके पास खिलाड़ियों एवं स्टाफ की जानकारी उपलब्ध रहे। जिससे कि समन्वय करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने इसके लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाने के निर्देश दिए ताकि नोडल अधिकारियों एवं आयोजन स्थल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से दी जा सके।

### सहकारी समितियों में लग रहीं कतारें बोवनी करने के लिए हो रही है देरी

# कलेक्टर के आदेश के बाद भी सिरोंज में खाद की किल्लत

■ खाद की किल्लत 19 सहकारी समितियां हैं, दो समितियों में ही आया था खाद

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

अभी फसल बुवाई का समय चल रहा है और किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा। जिससे किसान परेशान हैं। क्षेत्र में सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान सहकारी समितियों के बिक्री केन्द्र के चक्कर लगाने पर मजबूर है। यहां पर खाद नहीं मिलने पर बहुत से किसान तो मायूस होकर लौट जाते हैं। जब खाद की सप्लाई आती है तो बिक्री केन्द्र के बाहर लम्बी कतारें लग जाती है। विगत दिनों पूर्व परसौरा एवं दीपनाखेड़ा समिति में डीएपी आया था जिस पर बड़ी संख्या में किसान पहुंचे थे, जहां वितरण के दौरान बाद विवाद भी देखने को मिला था। आपको बता दें, की सिरोंज तहसील में 19 सहकारी समितियां है, लेकिन दो समितियां में ही खाद आया था। इस साल मीडियम बारिश के कारण अधिकांश किसानों को पलेवा नहीं करना पड़ रहा है, जिसके कारण ज्यादा बुवाई से खाद की मांग बढ़ती जा रही है। खाद न होने पर कई सहकारी समिति के बिक्री केन्द्रों पर तो ताला ही लटका है। कुछ केन्द्रों के किसानों ने कहा कि उन्हें डीएपी के साथ जबरन जैविक खाद की बोतल भी दी जा रही हैं। क्षेत्र में सहकारी समितियों के द्वारा बिक्री केंद्रों से किसानों को रसायनिक डीएपी बांटी जाती है। इस समय डीएपी का खासा संकट है। बाजार में भी खाद उपलब्ध नहीं है। जिससे किसान परेशान है। सुबह से शाम तक किसान समितियों में बैठे रहते है। इसके बाद भी निराश होकर घर लौट जाते हैं। क्षेत्र में रसायनिक खाद व बिजली की किल्लत को लेकर कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ ने आवाहन किया है कि मंगलवार को ज्ञापन सौंपेगा।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के सभी खाद विक्रेता केन्द्रो पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाने और उनके माध्यम से मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है। हरेक केन्द्र पर बारी-बारी से राजस्व अधिकारी अनिवार्य रूप से पहुंचे इसके लिए उन्होंने आरआई और पटवारियों का रोस्टर तय करने के निर्देश एसडीएमो को दिए है इसी प्रकार कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यूरिया की कालाबाजारी ना हो, नकली यूरिया का विक्रय ना हो पाए इसके लिए आवश्यक चौकन्ने प्रबंध व दायित्वों का निर्वहन विभाग के माध्यम से संपादित हो। इन सब आदेशों के बाद भी सिरोंज में हो रही है खाद की किल्लत।



### समिति मुख्यालयों पर बिल्डिंग बनी शोपीस

किसानों के लिए कार्य रत पैक्स समितियों के मुख्यालय उनके कार्य क्षेत्र में ना होकर सिरोंज में संचालित हो रहे। हैं। जिससे सोसाइटी प्रबंधकों द्वारा सिरोंज में ही गोदाम ले रखे हैं। जिससे किसानों को खाद लेने के लिए सिरोंज है, के निजी गोदामों तक आना पड़ता यही वजह है कि किसानों पर अधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जबकि सरकार द्वारा पहले ही सोसाइटी मुख्यालयों पर गोदाम की व्यवस्था करवा दी गई है, जो कि प्रबंधकों की उदासीनता के चलते बदहाल स्थिति में है। किसानों के लिए खाद की व्यवस्था भी उन्हीं कार्यक्षेत्रों में निर्मित शासकीय गोदाम से करवाना चाहिए। लेकिन समिति प्रबंधक सिरोंज बैठकर कार्यालय संचालित कर रहे हैं।

### प्राइवेट दुकानों पर भी नहीं मिल रहा डीएपी

हर बार यदि सोसाइटियों पर खाद की समस्या आती थी तो निजी दुकानों से किसानों को खाद मिल जाता था। लेकिन इस बार निजी दुकानों पर भी खाद नहीं है जिसके कारण यह संकट और गहरा रहा है। जब इस विषय को लेकर खाद दुकानदारों से बात की गई तो उनका कहना है कि कंपनी डीएपी खाद के साथ जबरन जैविक खाद की बोतल दे रही हैं। इसके अलावा खाद की बोरी के साथ कल्चर की पैकेट देते हैं। जिससे डीएपी की बोरी का रेट बढ़ जाता है और किसान रेट बढ़ने पर नाराजगी जाहिर करते हैं। जिसके कारण आए दिन बाद विवाद की स्थिति देखने को मिलती है। इसी से परेशान होकर अधिकांश दुकानदार डीएपी खाद नहीं मंगवा रहे हैं। जिसके कारण सरकार को आर्थिक छाती भी हो रही है, क्योंकि इन कार्यालयों का किराया देना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

सहकारी समितियों पर डीएपी नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों की बोवनी प्रभावित हो रही है। यदि समय रहते खाद नहीं मिला तो नुकसान होना तय है। जब भी खाद आता हैं, तो एक हेक्टेयर वाले किसान को मात्र दो बोरी ही उपलब्ध कराया जाता है। जिससे किसानों को खाद की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

–**संजीव दांगी**, किसान चाठोली

रवि फसलों की बोवनी सिर पर है डीएपी की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पा रही। जिन सोसाइटियो में डीएपी पहुंचता है, वहां दो बोरी ही प्रति किसान को प्राप्त हो रही है। जबकि एक एकड़ में किसान को एक बोरी डीएपी लग रही है। डीएपी की कमी को देखते हुए शीघ्र ही कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महा संघ कलेक्टर महोदय विदिशा को ज्ञापन देगा।

–**मोहन रघुवंशी**, जिला अध्यक्ष कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ

डीएपी की कमी जरूर है, लेकिन उसके विकल्प में एनपीके, सुपर फास्ट, जिंक सल्फेट, पोटाश खाद आदि अन्य तरह के खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिनका रिजल्ट भी डीएपी की तरह ही है, यदि किसान इनका उपयोग करेंगे तो उससे भी उनकी फसल को उतना ही लाभ होगा। ये किल्लत भी जल्द ही समाप्त हो जाएगी।

–**हर्षल चौधरी**, एसडीएम सिरोंज

## कलेक्टर ने मोबाइल पर आवेदकों से की चर्चा



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों में से समाधान आन लाइन में सम्मिलित होने वाले विषयों पर आधारित समस्यायुक्त आवेदनों के निराकरणो के संबंध में विदिशा जिले में नवाचार किया जा रहा है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह स्वंय आवेदको के मोबाइल नम्बरो पर रेण्डम प्रणाली से अचानक आवेदको से संवाद कर उनके द्वारा दर्ज की गई शिकायतो के निराकरण, संतुष्टि व शिकायत की अद्यतन स्थिति क्या है का जायजा चर्चा कर प्राप्त कर रहे है।

कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जिले में पांच नवम्बर से शुरू हुई इस नवाचार प्रक्रिया के तहत उन्होंने कंट्रोल रूम के मोबाइल नम्बर से दो आवेदको से उनके मोबाइल नम्बर पर संवाद किया जिसमें गंजबासौदा की आवेदिका काजल नामदेव के द्वारा प्रसूति सहायता की राशि व संबंल योजना की राशि प्राप्त ना होने की शिकायत दर्ज की थी आवेदिका के पति सौरभ नामदेव से कलेक्टर ने सीधे चर्चा कर उन्हें अवगत कराया कि शासन द्वारा डिलेवरी की राशि आपके खाते में दर्ज कराई गई है का परीक्षण कर लें और यदि राशि ना आई हो तो इसी नवम्बर पर पुनः सूचित करें। कलेक्टर ने विदिशा विकासखण्ड में ग्राम पंचायत डंगरबाडा के शिकायतकर्ता रामस्वरूप जाट से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अनुचित राशि की मांग किए जाने की शिकायत के संबंध में चर्चा की। आवेदक से कलेक्टर ने जाना कि ग्राम के सचिव द्वारा उन्हें अवगत कराया है कि आवास प्लस योजना की प्रतीक्षा सूची में नाम दर्ज है कि नही की जानकारी सचिव द्वारा दी गई है कि नहीं आवेदक ने ततसंबंध में अनभिज्ञता व्यक्त करते हुए चर्चा नहीं होना बताया है। ततसंबंध में आवेदक से दर्ज शिकायत के साक्ष्य उपलब्ध कराने से उपलब्ध कराने से अवगत कराया गया है ताकि नियमानुसार समस्या निराकृत हो सकें।

### सलमान ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



सिरोंज ऑल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाफिज आहमद खुर्रम के आदेश से प्रदेश अध्यक्ष काजी कलीम उद्दीन की अनुशंसा जिला से अध्यक्ष डॉ वसीम की सहमति से सलमान अमीन पत्रकार को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री खान ने बताया की जो भी मुस्लिम समाज के त्योहार हैं सब मिलजुल कर मनाएं और देश में अमन शांति का पैगाम दें। इस दौरान बधाई देने में अनस अमराई निजाम खान विनोद सेन सुरेंद्र रघुवंशी ऋषि शर्मा इमरान खान आदिल खान अब्दुल अलीम अल्ताफ खान समीर भार्गव केसर खान जफर खान प्रमोद रघुवंशी शकील मंसूरी आसिम हाशमी अमीन खान नोमान खान आदि लोगों ने बधाई दी ।

### जनसुनवाई में 130 आवेदन प्राप्त हुए

## आधे से ज्यादा आवेदनों का किया निराकरण



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा आहूत साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकांश आवेदनों का निराकरण हो रहा है। कलेक्टर स्वंय तमाम आवेदनों के निराकरणो की विभागवार पृथक-पृथक समीक्षा कर रहे है। जिसमें विगत जनसुनवाई के लंबित आवेदनों पर निराकरण की अद्यतन स्थिति से अधिकारी अवगत करा रहे हैं।

कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में खण्ड स्तरीय अधिकारी भी सीधे वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुडे रहते है और आवेदको के आवेदनों से अवगत होकर निराकरण की पहल हो रही है। कलेक्टेव्ट के भूतल स्थित सभागार कक्ष में पांच नवम्बर को सम्पन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में 130 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह का ध्यान आकर्षित कराया है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा मौके पर 85 आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने शेष लंबित आवेदनो पर समय सीमा में निराकरण की कार्यवाही कर जन आकांक्षा पोर्टल पर जनकारियां दर्ज कराने के निर्देश दिए है। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटौलिया के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें।

### बिजली की मांग को लेकर किसानों ने अधिकारियों के पकड़े पैर, सिंचाई के लिए मांगी लाइट

## किसानों ने लगाया चक्काजाम तहसीलदार के आश्वासन पर माने

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को बिजली की समस्या से जूझ रहा है किसानों ने बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों के पैर भी पकड़ लिए क्योंकि इस समय किसानों को सिंचाई के लिए बिजली आवश्यकता है पर किसानों ने की शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान करने के लिए स्थानीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे इनके इस रवैया से परेशान होकर किसानों ने सिरोंज बासौदा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया इसकी वजह से सड़कों के दोनों और बहनों की लंबी-लंबी कथाएं लग गई यादें भी परेशान हुए 1 घंटे तक चक्का जाम किसानों का चला इस दौरान किसानों के पास पहुंचे बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों के कृषकों ने पैर पड़कर कहा कि हमें साहब बिजली दे दो खेतों की सिंचाई करना है समय पर पानी नहीं दे पाएंगे तो अगली फसल भी नहीं लगा पाएंगे बहुत परेशान है। सड़क पर लेटे किसानों को पुलिसकर्मियों ने उठाया दूसरी ओर तहसीलदार संजय चौरसिया ने ठोस आश्वासन देते हुए कहा कि आज से बिजली की कटौती की समस्या दूर हो जाएगी इसके बाद ही किसानों ने चक्का जाम खत्म हुआ दोपहर में किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के साथ , चंदाढाना, बनिया ढाना, आजामनगर, परसोरा के किसानों ने किया चक्का जाम स सिरोंज बासोदा रोड पर परसोरा ग्राम के पास मैं करके दोनों तरफ से आवागमन बंद कर दिया इसके चलते यात्री भी परेशान हुए सूचना मिलने पर बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी भी पहुंचे पर उनकी बात मानने के लिए किस तैयार नहीं हुए तहसीलदार संजय चौरसिया पहुंचे उनके सामने बिजली विभाग के अधिकारी ने अपनी गलती मानते हुए समस्या को दूर करने का आस-पास संध्या इसके बाद किसानों ने अपना प्रदर्शन खत्म किया इसके बाद मार्ग यातायात प्रारंभ हुआ लगभग 1 घंटे से अधिक देर तक प्रदर्शन हुआस मोके पर तहसीलदार संजय चौरसिया, विद्युत विभग के ग्रामीण ऐ ई राजीव रंजन, और पुलिस भी पहुंची स प्रदर्शन कारी किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी व किसानों ने अधिकारीयों के पैर पकड़ लिए और लाइट देने की मांग की, जिसके बाद अधिकारीयों ने सड़क पर से उठकर किसानों को बिताया स अधिकारीयों ने लाइट व्यवस्था ठीक करने का आश्वासन दिया तब प्रदर्शन खत्म हुआ स एक घंटे तक ट्रेफिक रुका रहा रोड के दोनों तरफ वाहनों की लाईन लग गई और यात्री परेशान हुए सविद्युत विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के ऐ ई राजीव रंजन ने मोबाईल पर बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 10 घंटे लाइट देने का नियम है स इस समय खेतों में पलेवा चल रहा है, इसलिए ओवर लोड हो जाने के कारण लाइट बार बार ट्रिप हो जाती है स हम जल्दी ही दूसरी जगह से सप्लाई लेकर व्यवस्था ठीक कर देंगे ।




### इनका कहना है

किसानों की समस्या को दूर करवा कर बिजली सप्लाई व्यवस्था ठीक करवाई जाएगी बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी ने अपनी गलती मानी अब समस्या नहीं आएगी।

–**संजय चौरसिया** तहसीलदार

### शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**सिरोंज।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर एक शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया है। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि थाना हैदरगढ ग्राम धामनोद के सत्यम लोधी पुत्र कुवेर सिंह लोधी के विरुद्ध थाने में बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध होने पर आरोपी के नाम से जारी शस्त्र लायसेंस क्रमांक 165/2023 जिस पर एक 315 बोर रायफल शस्त्र क्रमांक एबी 23-00561 को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए शस्त्र को थाना हैदरगढ में जमा कराने के आदेश दिए है।

## जिला प्रशासन ने बीस बीघा भूमि से अतिक्रमण हटाया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशो पर राजस्व, पुलिस के संयुक्त समन्वय से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाहियां जिले में सतत जारी है। इसी कडी के तहत मंगलवार पांच नवम्बर को शमशाबाद एसडीएम श्री अजय प्रताप सिंह पटेल और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त समन्वय से ग्राम बिछिया में बीस बीघा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से विमुक्त कराया गया है जिसका बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रूपए से अधिक हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन पर शमशाबाद एसडीएम पटेल के द्वारा संपादित कराई गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बतलाया गया कि ग्राम बिछिया की गौशाला स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 97/1 रकवा 0.383 हेक्टेयर, 97/3 रकवा 1.731 हेक्टेयर, 97/4 रकवा 1.231 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 92/1/12 रकवा 0.848 हेक्टेयर कुल रकवा 4.193 हेक्टेयर यानि 20 बीघा पर हुए अतिक्रमण को शासन के नियमानुसार अतिक्रमण से विमुक्त कराई गई है। उक्त भूमि को ग्राम पंचायत बिछिया की गौशाला को सौंपी गई है वहीं मौके पर चीरे गढवाए गए तथा चीरो को लाल कलर से पुतवा कर तार फेंसिंग कराई गई है।

**मेट्रो एंकर**

### जनपद पंचायत सिरोंज में सीईओ शर्मा साहित लगभग 13 कर्मचारी करते हैं अपडाउन

## कर्मचारियों के अप-डाउन के चक्कर में निरीक्षण के कार्यों में होती है खानापूर्ति

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

जब विभाग का मुखिया ही अपने कार्यालय से लगभग 120 किलोमीटर तक दूरी से अपडाउन करके कार्यालय पहुंचे वो भी सरकारी गाड़ी से, तब यह कहते हुए बिल्कुल भी संकोच नहीं होता कि सरकारी गाड़ी और डीजल का निजी उपयोग अपने शासकीय कर्तव्यों का पालन ठीक ढंग से नहीं करना दर्शाता ।

जनपद पंचायत सिरोंज में पदस्थ सीईओ वंदना शर्मा अपने परिवार के साथ भोपाल में निवास करती है उनकी पदस्थापना सिरोंज है भोपाल से सिरोंज अपने कार्यालय तक आने के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल अपडाउन के लिए किया जाता है। इस कड़ी में मुखिया के पदचिह्नों पर चलते हुए जनपद के इंजिनियर, उपयंत्री, पंचायत समन्वयक, मनरेगा सहायक लेखाधिकारी और भी अन्य कर्मचारी भोपाल, विदिशा, लटेरी, गुना, बासोदा आदि स्थानों से अपडाउन कर रहे हैं। सोमवार को जनपद सीईओ की टी एल बैठक विदिशा में तय रहती है जिससे सीईओ भी बैठक के बाद सिरोंज कार्यालय आने की संभावना बहुत कम होती है। सोमवार को सीईओ सिरोंज कार्यालय नहीं पहुंची। लगभग प्रत्येक सोमवार को जनपद में यहीं होता है, इसका लाभ उठाने के लिए अपडाउनर कर्मचारी भी मौका नहीं छोड़ते जिसकी मर्जी होती है वह तब आते हैं और जिन्हें नहीं आना वह फील्ड का बहाना बनाते हैं। सोमवार को भी जनपद पंचायत



सिरोंज के कार्यालय में सीईओ की अनुपस्थित में मनरेगा सहायक लेखाधिकारी, एईएन पी मेहर सहित सभी उपयंत्री, पंचायत समन्वयक और कुछ अन्य कर्मचारी कार्यालय से नदारद रहे। वाकी जो अपडाउन कर्मचारी पहुंचे तो वो भी 12 बजे के बाद। अपडाउनर व्यवस्था ने पंचायतों के कार्यों पर बहुत हद तक प्रभावित किया है एक और जहां पंचायत भवन सूने पड़े रहते हैं तो वही हितग्राहियों को छोटे छोटे कामों के लिए सिरोंज के चक्कर लगाना पड़ता है। पंचायत के रोजगार सहायक, सचिव केवल शासकीय कार्यक्रमों में शामिल होने पंचायत भवन तक पहुंच रहे हैं। मॉनिटरिंग के अभाव में जनपद के अन्य कर्मचारियों की भी यहीं हालत है। पंचायत समन्वयक छाया रानी और मीना वर्मा द्वारा सिरोंज में एक कमरा किराए पर लिया गया है लेकिन अपडाउन भोपाल से ही हर रोज होता है। पंचायत समन्वयक के रूप में काम करने से छाया रानी मुख्यालय में सोमवार को नहीं पहुंची जब साथी कर्मचारी मीना वर्मा से जानकारी चाही तब बताया मैडम का फील्ड का काम है वो फील्ड पर गई है। सोमवार को सहायक लेखाधिकारी मनरेगा मिला साहू भी अपने कार्यालय से नदारद थी यह भी भोपाल से ही अपडाउन करके अपने कर्तव्यों का पालन करती है। सूत्रों का कहना है जिन जिम्मेदारों को पंचायत में पहुंचकर उनकी निगरानी में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्यों को करवाना था वो काफी हद तक निजी किराए के कमरों में बैठकर केवल खानापूर्ति और हस्ताक्षर करने तक सीमित हो गया। जनपद के ज्यादातर उपयंत्री भोपाल से एई मेहर विदिशा से अपडाउन करते हैं। सोमवार को सभी मुख्यालय से नदारद थे। हालांकि सिरोंज में जनपद उपयंत्रीयों ने अपने निजी कार्यालय भी बना रखे हैं। अधिकांश समय निजी कार्यालयों में ही सरपंचों और पंचायत कर्मियों की फाइल पर हस्ताक्षर होते है । वही ए ई एन पी मेहर अधिकांश समय जनपद के अपने दफ्तर में दोपहर 2 बजे तक पहुंच जाते हैं। उपयंत्री फोटो और वीडियो को देखकर ही अपने किराए के दफ्तरों में बैठकर आसानी से फाइलें निपटा लेते है।




# बड़ा सवाल: रोहित के बाद कौन होगा टेस्ट कप्तान

*न्यूजीलैंड से घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा का पांच दिवसीय प्रारूप में भविष्य अधर में दिख रहा है। सूत्रों के मुताबिक अब बीसीसीआइ टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा का विकल्प तलाशने में जुट गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह रोहित शर्मा की बढ़ती हुई उम्र और टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म है। बीसीसीआइ का मानना है कि अब वक्त आ गया है, जब टेस्ट टीम की कमान किसी और के हाथ में दी जाए, लेकिन सवाल यह है कि रोहित के बाद भारतीय टीम की कप्तानी कौन संभाल सकता है....*

**नईदिल्ली. एजेंसी**

रोहित शर्मा के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट कप्तानी की होड़ में सबसे आगे है। वह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उनका रेकॉर्ड शानदार है। वह टेस्ट टीम के नियमित सदस्य हैं और लंबे समय तक टीम की कप्तानी कर सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह उपकप्तान थे, लेकिन तीसरे टेस्ट में उन्हें आराम दिया गया। बुमराह के साथ सबसे बड़ी समस्या उनकी फिटनेस है। इस कारण वह सभी टेस्ट खेले, ये पक्का नहीं है। वह एक टेस्ट में कप्तानी कर चुके हैं। भारत के लिए तीन टेस्ट में कप्तानी कर रहे लोकेश राहुल एक बार फिर कप्तानी के दावेदार में हैं। लेकिन राहुल के लिए सबसे बड़ी समस्या उनकी खराब फॉर्म है और इस वजह से वह टीम में अभी तक अपनी जगह पक्की नहीं कर सके हैं। सूत्रों ने कहा, बोर्ड ने अभी तक गंभीर की हर मांग को पूरा किया है। उन्हें उनकी पसंद का सपोर्ट स्टाफ दिया गया। उन्हें टीम के चयन के दौरान मौजूद रहने की इजाजत दी गई। लेकिन अब बोर्ड भी गंभीर से परिणाम की उम्मीद करता है और इसी कारण उनसे बात करेगा। बीसीसीआइ मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ जल्द मुलाकात करेगा। सूत्रों के तहत, बीसीसीआइ गंभीर से कुछ सवालों के जवाब पूछना चाहता है। बोर्ड के कुछ सदस्य इस बात से हैरान हैं कि आखिर मुंबई टेस्ट में टर्निंग विकेट की मांग क्यों की गई? इसके अलावा, गंभीर और सहयोगी स्टाफ से पूछा जाएगा कि भारतीय टीम को आगे ले जाने के लिए उनके पास क्या योजना और रोडमैप है।

### इंडिया-ए स्क्वॉड को ज्वाइन करेंगे राहुल व ध्रुव

# 7 से दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में होगा

**नईदिल्ली. एजेंसी**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और ध्रुव जुरेल ऑस्ट्रेलिया में इंडिया-ए के स्क्वॉड को ज्वाइन करेंगे। इंडिया-ए इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच इस वक्त 2 मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। 7 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मुकाबले के लिए बीसीसीआई ने केएल राहुल और ध्रुव जुरेल को मैच प्रैक्टिस के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला लिया। केएल राहुल को न्यूजीलैंड के साथ हुई सीरीज में केवल बेंगलुरु टेस्ट में टीम में शामिल किया गया था। जिसमें उन्होंने 0 और 12 रन बनाए थे, इसके बाद उन्हें बचे हुए 2 मैच में टीम से बाहर कर दिया गया था। वहीं जुरेल ने पहले मैच में ऋषभ पंत के चोटिल हो जाने के बाद सब्स्टीट्यूट विकेटकीपर के तौर पर कीपिंग की थी। राहुल और जुरेल को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में ज्यादा गेम टाइम नहीं मिला था। ऐसे में सिलेक्शन कमेटी ने इन दोनों प्लेयर्स को मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला किया है। वे मेलबर्न में गुरुवार से खेले जाने वाले दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट का हिस्सा होंगे।

## इंडिया-ए के साथ होने वाल प्रैक्टिस मैच रद्द हुआ

22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत की टीम को इंडिया-ए के साथ एक प्रैक्टिस मैच खेलना था। जिसे कैंसल कर दिया गया है। भारतीय टीम दो बैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। न्यूजीलैंड से 3-0 से क्लीन स्वीप के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर सवाल पूछे जाने पर कहा, हम 19 प्लेयर्स के स्क्वॉड के साथ ट्रैवल कर रहे हैं और हमें प्रैक्टिस के लिए सिर्फ 3 दिन दिए गए हैं, ऐसे में मुझे नहीं पता की सभी को मैच तैयारी के लिए कितना समय मिलेगा। हम चाहते हैं कि सभी को मैच के लिए पर्याप्त टाइम मिले। इसलिए प्रैक्टिस मैच कैंसल कर दिया गया है, जिससे प्लेयर्स नेट्स पर ज्यादा से ज्यादा बॉलिंग और बैटिंग कर सके।



## मेट्रो बाजार

# तैयारी: अब 2025 में आ सकता है रिलायंस जियो का मेगा आईपीओ!

**मुंबई. एजेंसी**

करीब 5 साल से रिलायंस जियो इंफोकॉम के आइपीओ का इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए बड़ी खबर है। रिलायंस जियो का आइपीओ वर्ष 2025 में आ सकता है। रिलायंस जियो की मार्केट वैल्यू 8.4 लाख करोड़ रुपए यानी 100 अरब डॉलर के आसपास है। जब इसका आइपीओ आएगा तो यह भारत





का सबसे बड़ा आइपीओ हो सकता है। रिलायंस जियो के पास करीब 47.9 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं और यह भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी है। मुकेश अंबानी ने साल 2019 में रिलायंस की वार्षिक बैठक में ऐलान किया था कि अगले 5 साल में वह टेलीकॉम और रिटेल कंपनी को बाजार में लिस्ट कराने का इरादा रखते हैं। रिलायंस जियो को स्पिन-ऑफ के जरिए रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग किए जाने के बाद प्राइस डिस्कवरी सिस्टम के तहत शेयर बाजार में लिस्ट कराया जा सकता है। इसी तरह जियो फाइनेंशियल शेयर बाजार में लिस्ट हुआ था। पूरा आइपीओ ऑफर-फॉर-सेल हो सकता है और माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स अपना स्टेक बेच सकते हैं। जियो आइपीओ रूट के जरिए आगे बढ़ सकती है। वहीं, रिलायंस रिटेल का आइपीओ जियो के साथ नहीं, उसके अगले साल आएगा।

# अब अमरीकी चुनाव बाद निवेशक लेंगे जोखिम सुधरेगा बाजार! रुपया 84.12 के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली. एजेंसी**

अमरीकी में राष्ट्रपति चुनाव खत्म होने के बाद शेयर बाजार गिरावट से उबरना शुरू कर सकते हैं। क्वांट म्युचुअल फंड ने अपनी रिपोर्ट में कहा, संभवतः नवंबर से चरणबद्ध जोखिम शुरू होगा और निवेशक जोखिम लेना शुरू करेंगे जिससे बाजार में तेजी आ सकती है। हालिया गिरावट को और बेहतर रिटर्न वाला पोर्टफोलियो बनाने में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। विश्लेषकों ने आगाह किया, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मौजूदा गिरावट आगे भी जारी रह सकती है। बाजार विश्लेषक एके प्रभाकर ने कहा, मिड-स्मॉलकैप में लगभग 10त्न की ताजा गिरावट के बावजूद सेगमेंट उचित भावों पर कारोबार करता नहीं



दिख रहा है। बाजार में सकारात्मक कारकों का अभाव है। मोतीलाल ओसवाल के सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आरबीआइ ब्याज दरों पर कोई कदम उठाने से दूर है और भारतीय उद्योग जगत की तिमाही आय में सुस्ती है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि बाजार में जल्द उछाल देखने को मिले। लेकिन बाजार के स्थिर होने पर वित्तीय कंपनियां, पीएसयू वापसी करेंगी। 2025-26 के केंद्रीय बजट से पहले रेलवे, उर्वरक और कृषि से जुड़े शेयरों में तेजी आ सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपया गिरकर 84.12 के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। डीलरों ने कहा, विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयरों की बिकवाली की, जिससे रुपए पर असर पड़ा। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का भी रुपए पर दबाव पड़ा।

### एस्पान्योल के खिलाफ 27 मैचों से अजेय

# बार्सिलोना का दबदबा... एस्पान्योल को हराया

**बार्सिलोना. एजेंसी**

बार्सिलोना ने अपना दबदबा कायम रखते हुए स्पेनिश ला लीगा के इस सीजन में 11वीं जीत दर्ज करते हुए शीर्ष पर अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। बार्सिलोना की टीम ने अंकतालिका में रियाल मैड्रिड पर नौ अंकों की बढ़त बना ली है। दानी ओल्मो के दो गोल से बार्सिलोना ने रविवार देर रात यहां खेले गए मुकाबले में एस्पान्योल पर 3-1 से जीत हासिल कर ली। शीर्ष पर स्थिति बार्सिलोना के 11 जीत से 33 अंक हैं। रियाल मैड्रिड दूसरे नंबर पर है। बार्सिलोना की टीम एस्पान्योल के खिलाफ 27 मैचों से अजेय है। वहीं इस सीजन एस्पान्योल की टीम पिछले सात लीग मैचों में छह मुकाबले हार चुकी है। वह तालिका में 17वें स्थान पर है। इस मैच में बार्सिलोना के लिए दानी ओल्मो ने 12वें व 31वें मिनट में गोल दागे, वहीं एक गोल राफिन्हा ने 23वें मिनट में किया। एस्पान्योल के जावी पोआडो ने 63वें मिनट में गोल किया।



# महिला शतरंज: दिव्या ने दर्ज की पहली जीत



**श्यामकेंट (उज्बेकिस्तान). एजेंसी**

भारत की दिव्या देशमुख ने यहां खेले जा रही महिला ग्रां प्री चेस चैंपियनशिप में अपनी पहली जीत दर्ज की। उन्होंने सोमवार को पांचवें दौर में मंगोलिया की खिलाड़ी मुंगुंटुल बटखुयाग को मात दी। हालांकि अनुभवी भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें पांचवें दौर की बाजी में कजाकिस्तान की बिबिसारा असौयाबेया ने शिकस्त दी। हम्पी तालिका में तीसरे व दिव्या पाचवें स्थान पर हैं।

### अल्जीरिया की महिला मुक्केबाज को लेकर खुलासा

# जैविक तौर पर महिला नहीं पुरुष हैं ओलंपिक चैंपियन मुक्केबाज खलीफ

**पेरिस. एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली अल्जीरिया की महिला मुक्केबाज इमाने खलीफ एक नए विवाद में फंस गई हैं। हाल में एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 25 वर्षीय इमाने खलीफ जैविक तौर पर महिला नहीं बल्कि पुरुष हैं। पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान भी इमाने खलीफ के जेंडर को लेकर विवाद उठा था। इन खेलों में इमाने ने 66 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता था।

## मेडिकल रिपोर्ट लीक

हाल ही में इमाने खलीफ की एक मेडिकल रिपोर्ट लीक हुई है, जो जून 2023 की है। यह मेडिकल रिपोर्ट पेरिस के क्रेमलिन-बिसेत्रे अस्पताल और अल्जीयर्स के मोहम्मद लैमिन डेबाघिन अस्पताल के विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई है। इस रिपोर्ट को फ्रांस के एक पत्रकार ने लीक की है।



रिपोर्ट में लिखा है कि खलीफ के अंदर एक्सवाइ क्रोमोसोम हैं और वह जैविक रूप से पुरुष हैं। उनके अंदर कोई गर्भाशय नहीं है, जो महिलाओं में होता है। इसमें यह भी लिखा है कि खलीफ 5-अल्फा रिडक्टेस की कमी से प्रभावित हैं, जो यौन विकास का एक विकार है और यह सिर्फ जैविक पुरुषों में पाया जाता है।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना



# तब्बू ने कहा था अजय की वजह से सिंगल हूं...

'मैं और अजय 25 साल से एक-दूसरे को जानते हैं। वे मेरे कजन समीर आर्य के पड़ोसी और क्लोज फ्रेंड हुआ करते थे। जब मैं छोटी थी तो समीर और अजय मुझ पर कड़ी नजर रखते थे। जिस भी लड़के को मुझसे बात करते देखते, उसे पीट दिया करते थे। दोनों बहुत बड़े गुंडे थे। अगर आज मैं सिंगल हूं तो वो सिर्फ अजय देवगन की वजह से ही हूं।' तब्बू ने एक इंटरव्यू में मजाक में कही थी। तब्बू का अफेयर फिल्मी जगत के 3 लोगों से रहा है। सबसे पहले उनका नाम संजय कपूर से जुड़ा। फिर वे डायरेक्टर-प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के साथ रिश्ते में रहीं। दोनों ने सगाई भी कर ली। हालांकि, दोनों का रिश्ता टूट गया। फिर उन्होंने शादीशुदा नागार्जुन को डेट किया, लेकिन उनके साथ भी तब्बू का रिश्ता मुकम्मल नहीं हो पाया। एक्ट्रेस न बनने की इच्छा रखने वाली तब्बू 39 साल से फिल्मी दुनिया में टॉप पर हैं, लेकिन पर्सनल लाइफ में उतनी ही अकेली भी। बचपन से ही वह सिर्फ मां और बहन के क्लोज रहीं। पिता का आज तक चेहरा नहीं देखा। यहां तक कि उन्हें पिता का सरनेम लगाना भी नागवारा है।

# सुनाई दास्तां: जब मनीषा कोइराला को लगा कि वह मरने वाली हैं...



मनीषा कोइराला ने एक बातचीत में बताया कि उन्होंने कैंसर से कैसे जंग जीती। अभिनेत्री ने इलाज के दौरान के अनुभवों को भी साझा किया, जो दिल को झकझोर देने वाले हैं। मनीषा कोइराला ने बॉलीवुड में तीन दशकों से ज्यादा काम किया है। वह सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री के लाखों करोड़ों प्रशंसक हैं। अपने करियर के दौरान उन्होंने एक से बढ़कर एक हिट और सुपरहिट फिल्में दी। अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी में कई मुश्किल लड़ाइयां लड़ी हैं। उनमें से एक है उनका कैंसर से लड़ना। अभिनेत्री को वर्ष 2012 में 'ओवेरियन कैंसर' का पता चला। अभिनेत्री ने कहा, वर्ष 2012 में मुझे पता चला और मुझे इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि यह 'ओवेरियन कैंसर' का अंतिम चरण है। जब नेपाल में मुझे पता चला, तो मैं बहुत डरी हुई थी, जाहिर है, हर किसी की तरह, बहुत ज्यादा। हम जसलोक अस्पताल में थे। वहां भी जब डॉक्टर आए, दो, तीन डॉक्टर, बड़े डॉक्टर और मैंने उनसे बात की, तो मुझे लगा कि मैं मरने वाली हूं। मुझे लगा कि यह मेरा अंत है। हम न्यूयॉर्क गए थे और इलाज करवाया था।

## कैंसर का पता चलने पर सदमा

*हाल ही में अभिनेत्री ने कैंसर के साथ जूझने के अनुभवों को साझा किया। इस बारे में उन्होंने खुलकर बात की। एएनआई से बातचीत में मनीषा ने कहा कि जब उन्हें इसका पता चला तो उन्हें एक सदमा लगा। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें लगा कि वह मरने वाली हैं और यह उनके जीवन का अंत था। अंत में उनके परिवार ने न्यूयॉर्क में उनका इलाज करवाने का फैसला किया।*

# सिंघम के बाद कई फिल्मों के सीक्वल में नजर आएंगे अजय

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी एक्शन से भरपूर फिल्म सिंघम 3 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में अजय बाजीराव सिंघम के किरदार से फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचा रहे हैं। सिंघम अगेन साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म सिंघम की तीसरी किस्त है। वहीं अब अजय अपनी कई फिल्मों के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता हैं। उनकी फिल्मों की रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस फिल्म में अजय देवगन का एक्शन अवतार एक बार नहीं बल्कि इसकी पिछली किस्तों में भी नजर आ चुका है। साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म सिंघम, साल 2014 में रिलीज हुई सिंघम रिटर्न्स और साल 2024 में इसकी तीसरी किस्त सिंघम अगेन के नाम से रिलीज हुई है, जो लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए आयाम हासिल कर रही है। वहीं अब अजय अपनी बाकी फिल्मों के सीक्वल में भी नजर आने वाले हैं। अजय देवगन ने सिंघम 3 में अपने धमाकेदार एक्शन से सभी को चौंका दिया है। यह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है। वहीं इस फिल्म के अलावा भी अजय कई फिल्मों के सीक्वल में नजर आएंगे, जिनकी शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इस लिस्ट में रेड 2, दे दे प्यार दे 2 और सन ऑफ सरदार 2 शामिल हैं। राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित एक आगामी थ्रिलर फिल्म है। इसमें अजय देवगन के अलावा इलियाना डिक्रूज, रितेश देशमुख, वाणी कपूर, पूनम झावर और सुनील शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।







# नहाए खाए के साथ छठ पूजा शुरू, आज खरना



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल शहर में छठ पूजा को लेकर छठ घाटों पर तैयारी की गई है। आज खरना हुआ। इसे लोहंडा भी कहते है। समाज के लोगों के अनुसार इस दिन सुबह से शाम तक उपवास करते हैं। खरना को मन एवं शरीर को शुद्धिकरण के तौर पर माना जाता है। इस दिन छठ पूजा का प्रसाद बनाने की परंपरा है।

# बैतूल से आए तांत्रिक ने होटल में खाया जहर, मौत

## जहर खाने के बाद परिजन को कॉल कर बताया, होटल में भी दी जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर जोन वन में बैतूल से आए तांत्रिक ने जहर खा लिया। मंगलवार सुबह उसने जहर खाने के बाद बैतूल में रहने वाले परिजन को जहर खाने की जानकारी भी दी थी। परिजन जब तक भोपाल पहुंचते उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को मृतक के पास से सुसाड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार विशाल प्रेमचंद पिता प्रेमचंद जैसवाल (26) मूलतः बैतूल का था। वह तांत्रिक था। परिजन ने बताया कि गत 2 नवंबर को वह घर से बिना बताए निकला था फिर बैतूल चला गया। वहां से तीन नवंबर को फिर भोपाल पहुंच गया। भोपाल पहुंचने के बाद उसने जोन-1 स्थित होटल क्रिस्टल में कमरा बुक कराया। 5 नवंबर की सुबह 8 बजे उसने बहन-भाई और परिवार के अन्य सदस्यों को कॉल किया। उसने बताया कि वह होटल क्रिस्टल में है और जहर (सल्फास) की गोलियां खा ली है। यह सुनते ही परिजन बैतूल से भोपाल के लिए निकल गए।

### होटलकर्मी लेकर पहुंचे अस्पताल

सुबह जहर खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। सफर लंबा होने के कारण परिजन भोपाल नहीं पहुंच सके थे। घबराहट बढ़ने पर करीब 11 बजे होटल के कर्मचारियों को जहर खाने की बात बताई। होटल मैनेजर ने एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी। होटल कर्मचारी विशाल को आटो से लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंचे, वहां से हमीदिया रेफर कर दिया गया। हमीदिया पहुंचने पर डॉक्टर ने विशाल को मृत घोषित कर दिया।

### ...नहीं मिला सुसाइड नोट



सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने होटल के कमरे का निरीक्षण किया। कमरे में शराब की दो तीन खाली बोतल मिली है। इसके अलावा काफी सारे सिगरेट के फिल्टर भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि परिजन से पूछताछ में आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने मंगलवार को शव का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर बैतूल निकल गए थे। आज बुधवार को उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### परिजन करा रहे थे झाड़फूंक

परिजन ने बताया कि विशाल के शरीर में मां काली प्रवेश करती थी। नवरात्रि में विशाल के पास बड़ी मात्रा में लोग पहुंचते थे। उसने शादी नहीं की थी। हम झाड़फूंक भी करवा रहे थे। पुलिस ने बताया कि विशाल का पहनावा विचित्र था। वह कान नाक में बाली पहने था। इसके अलावा पैर में कड़े पहने हुए था। शरीर भारीभरकम था।

# मैकेनिक ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मचुर्री में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार विजय कुरील (38) कल्याण नगर छोला मंदिर में अकेला रहता था और मैकेनिक का काम करता था। उसके बाकी नाते-रिश्तेदार भी आसपास ही रहते हैं। मंगलवार विजय देर तक घर से बाहर नहीं निकला तो पास में रहने वाले रिश्तेदार उसे देखने पहुंचे। तब पता चला कि विजय ने फांसी लगा ली है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। इंदौर से बहन के आने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। करंट लगने से युवक की मौत इधर, गांधी नगर इलाके में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक इलियास खान (40) नई बस्ती गांधी नगर में रहता था। मंगलवार को सुविध विहार कालोनी में काम करते समय उसे बिजली का करंट लग गया। साथियों ने उसे इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया नगर निगम कर्मचारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकायुक्त पुलिस भोपाल की टीम ने मंगलवार को नगर निगम के एक कर्मचारी को 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कर्मचारी के खिलाफ मिली शिकायत के बाद लोकायुक्त की टीम ने माता मंदिर स्थित नगर निगम कार्यालय में यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार आवेदक मुकेश दनके निवासी पंचशील नगर भोपाल द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त, भोपाल को इसकी शिकायत की गयी थी। शिकायत में मुकेश ने बताया उसके पिता का गत माह निधन हो गया है। उसके पिताजी का पेंशन प्रकरण माताजी के नाम करने के लिए नगर निगम भोपाल कार्यालय माता मंदिर चौराहा स्थित पेंशन कार्यालय में पदस्थ दौलत कुमार द्वारा 5000 की रिश्वत की मांग की जा रही है। आवेदक द्वारा की गई शिकायत का सत्यापन पर सही पाए जाने पर दौलत कुमार, लिपिक, पेंशन शाखा, नगर निगम माता मंदिर भोपाल के विरुद्ध धारा 7 पीसी एक्ट



1988 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। निरीक्षक उमा कुशवाह के नेतृत्व में मंगलवार को आरोपी दौलत कुमार धोसले प्रभारी लिपिक पेंशन शाखा नगर निगम कार्यालय माता मंदिर भोपाल को आवेदक से 3000 रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ट्रैप टीम में संजय शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक उमा कुशवाह ट्रैप अधिकारी, प्रधान आरक्षक नेहा परदेशी, बृज बिहारी पांडे, राजेंद्र पावन और मुकेश पटेल शामिल रहे।

# महिला के पर्स से गिरा एटीएम, निकाले एक लाख 37 हजार रुपए

**भोपाल।** अशोका गार्डन में शॉपिंग पर निकली एक महिला के पर्स से एटीएम गिरा जिसके बाद उनके एकाउंट से 1 लाख 37 हजार रुपए की किसी ने शॉपिंग कर ली गई। घटना 29 अक्टूबर की है जब महिला अशोका गार्डन स्थित बैंक कॉलोनी के अपने घर से शॉपिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान रास्ते में उनके पर्स से एटीएम गिर गया। एटीएम गिरने की जानकारी उनको तब लगी जब उनके एकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज आए। महिला का नाम कुमारी निवेदिता है वो एक टीचर है। उनके एटीएम में ही उनका पासवर्ड लिखा हुआ था, जिसकी वजह जिसको एटीएम मिला उसने एटीएम का आसानी से इस्तेमाल कर लिया। एक जगह आरोपी ने 1 लाख की शॉपिंग करी और दूसरी जगह से 37 हजार की शॉपिंग की।

# बीमारी से परेशान युवक ने लगा ली फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई परिसर में एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स ले गए। वहां पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन की पूछताछ में पता चला कि वह गंभीर बीमारी से परेशान था। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उसने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार मन्नू सांगले पिता अशोक सांगले अमराई परिसर, बागसेवनिया में रहता था और मेहनत मजदूरी करता था। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे उसने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स ले गए। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही मन्नू को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और मृतक की तलाशी लेने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया। मृतक की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला। साथ ही कमरे की तलाशी में भी कुछ नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि वह बीमार रहता था और उसका इलाज चल रहा था।




# दिनदहाड़े बदमाशों ने उड़ाए हजारों के जेवरात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजधानी में सक्रिय चोर और नकबजन गिरोह के हौदसे इतने ज्यादा बुलंद हैं कि वे दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। रातीबड़ इलाके में सोमवार की शाम को बदमाशों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये कीमत के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात के समय परिवार घर पर ताला लगाकर स्टेशन चला गया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शारदा विहार कालोनी रातीबड़ निवासी सुदीप्त मिश्रा मीडिया कर्मी हैं। सोमवार की शाम करीब चार बजे वह अपने मकान पर ताला लगाकर छोटे भाई को छोडने् के लिए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन चले गए थे। शाम करीब सात बजे घर लौटे तो मेन गेट के दोनों ताले टूटे मिले और गेट भीतर से बंद मिला। बगल में जाकर देखा तो दूसरा गेट खुला हुआ था। अंदर जाने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, चांदी के भगवान की मूतिर्यां, नकदी करीब 2 हजार रुपये और जरूरी दस्तावेज गायब थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की निरीक्षण करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कालोनी में दिनदहाड़े हुई चोरी की इस घटना से रहवासी काफी दहशत में हैं।

# काम से लौट रही युवती से अश्लील हरकत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कोहेफिजा इलाके में सोमवार रात काम से लौट रही एक युवती के साथ बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति ने अश्लील हरकत कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 26 वर्षीय युवती एमपी नगर स्थित एक शापिंग मॉल में काम करती है। सोमवार की रात करीब दस बजे वह लालघाटी चौराहे पर बस से उतरकर पैदल अपने घर जाने लगी। रास्ते में एक स्थान पर कुछ अंधेरा था, तभी बाइक सवार एक युवक उसके पास पहुंचा और अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग निकला। घर जाकर युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और उसके बाद थाने जाकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़ इधर छोला मंदिर पुलिस ने इलाके में रहने वाली 28 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर आदिल नामक युवक के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को दोपहर करीब एक बजे महिला घर पर अकेली थी, तभी आरोपी घर में घुस गया और अश्लील हरकत कर दी। इधर कोतवाली पुलिस ने 21 वर्षीय युवती की रिपोर्ट पर जेब अली नामक युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। घटना करीब एक महीने पहले होना बताई गई है, जिसकी रिपोर्ट सोमवार को दर्ज कराई गई। पुलिस सभी मामलों में जांच कर रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022